RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses



आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच






वर्ष : 26 | अंक : 55 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 15 फरवरी, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8


# चुनावी बांड पर सुप्रीम रोक

## एसबीआई से मांगा 5 साल का रिकार्ड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इलेक्टोरल बॉन्ड्स को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने आज बड़ा फैसला सुनाया है। SC ने चुनावी बॉन्ड स्कीम को अवैध करार देते हुए उस पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा है कि इलेक्टोरल बॉन्ड सूचना के अधिकार का उल्लंघन है। वोटर्स को पार्टियों की फंडिंग के बारे में जानने का हक है। कोर्ट ने आदेश दिए हैं कि बॉन्ड खरीदने वालों की लिस्ट सार्वजनिक की जाए।

लोकसभा चुनाव का बिगुल फुंकने ही वाला है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि नागरिकों को यह जानने का अधिकार है कि (शेष पृष्ठ-4 पर)




### इलेक्टोरल बॉन्ड क्या होता है

साल 2018 में इस बॉन्ड की शुरुआत हुई। इसे लागू करने के पीछे मत था कि इससे राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता बढ़ेगी और साफ-सुथरा धन आएगा। इसमें व्यक्ति, कॉरपोरेट और संस्थाएं बॉन्ड खरीदकर राजनीतिक दलों को चंदे के रूप में देती थीं और राजनीतिक दल इस बॉन्ड को बैंक में भुनाकर रकम हासिल करते थे। भारतीय स्टेट बैंक की 29 शाखाओं को इलेक्टोरल बॉन्ड जारी करने और उसे भुनाने के लिए अधिकृत किया गया था। ये शाखाएं नई दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, गांधीनगर, चंडीगढ़, पटना, रांची, गुवाहाटी, भोपाल, जयपुर और बेंगलुरु की थीं।

# रेलवे ट्रैक पर बैठे किसान

## “ सरकार व किसानों के बीच आज शाम वार्ता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एमएसपी पर कानून बनाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली कूच पर निकले किसानों ने हरियाणा सीमा से सटे पंजाब के शंभू बार्डर पर मोर्चा संभाले बैठे हैं। हरियाणा पुलिस ने अभी भी किसानों को शंभू बॉर्डर पर रोका हुआ है। वहीं अब किसानों ने रेल रोको आंदोलन भी शुरू कर दिया है। पंजाब में इसका असर देखने को मिल रहा है। उधर किसानों और सरकार के बीच तीसरे दौर की बैठक शाम को पांच बजे शुरू होगी जिसमें केंद्रीय मंत्री पियूष गोयल, केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा और गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय शामिल होंगे जबकि किसानों की ओर से जगजीत सिंह डल्लेवाल, सरवण सिंह पंधेर, रमनदीप मान आदि किसान नेता शामिल होंगे।

### ➢ किसानों का रेल रोको आंदोलन जारी

भारतीय किसान यूनियन उगराहां की ओर से ट्रेन रोको आंदोलन के तहत 12 से 4 बजे तक किए जाने वाले प्रदर्शन को अब 12 से 3 बजे तक कर दिया है। राज्य के सचिव व जिला प्रधान शिंगारा सिंह मान ने बताया कि पंजाब के संयुक्त किसान मोर्चा के फैसले के बाद प्रदर्शन का समय एक घंटा कम किया गया है। क्योंकि बाकी सभी जगहों पर भी 12 से 3 बजे तक प्रदर्शन किया जा रहा है। पंजाब के राजपुरा, पटियाला के प्रदर्शनकारी राजपुरा रेलवे स्टेशन पर रेल पटरियों पर बैठ गए।



### चंडीगढ़-अंबाला टोल प्लाजा किसानों ने फ्री किया

एक ओर किसान रेल रोको आंदोलन कर रहे हैं। किसान राजपुरा में रेलवे ट्रैक पर बैठ गए हैं। इसके अलावा किसानों ने चंडीगढ़-अंबाला टोल प्लाजा को भी फ्री कर दिया है।

### सरकार हमारी आवाज सुने : किसान नेता

“ पंजाब किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के महासचिव सरवन सिंह पंधेर ने कहा, .हम आज पूरी तरह से सकारात्मक मूड में बैठक में शामिल होने जा रहे हैं और हमें पूरा विश्वास है कि कोई सकारात्मक समाधान निकलेगा। सरकार को हमारी आवाज सुननी पड़ेगी वरना जो होगा ठीक नहीं होगा। पंजाब किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के महासचिव सरवन सिंह पंधेर का कहना है, आज हमारी मंत्रियों के साथ बैठक है और हम चाहते हैं कि पीएम मोदी उनसे बातचीत करें ताकि हम अपनी मांगों के समाधान तक पहुंच सकें. दिल्ली में शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति दी जानी चाहिए।



# दिल्ली से चोरी बाइक के साथ दबोचा

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-1 पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए चोर के पास से चोरी की एक बाइक बरामद हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम सेक्टर-15 के पास बैरियर लगाकर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान गोल चक्कर पुलिस चौकी की तरफ से आ रहा एक बाइक सवार पुलिस को देखकर अपनी बाइक मोड ली और भागने का प्रयास किया। संदेह के आधार पर पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में बाइक सवार ने अपना नाम रिहान खान उर्फ मोनू पुत्र मोहम्मद मासूम निवासी मोहल्ला कसाईवाडा जनपद अलीगढ़ बताया। पकड़े गए रेहान खान ने स्वीकार किया कि उससे बरामद अपाचे बाइक चोरी की है। उसने इस बाइक को 3 महीना पहले दिल्ली से चोरी किया था। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# 19वें फ्लोर से कूदकर सीएफओ ने की आत्महत्या

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के सेक्टर-100 स्थित लोट्स बुलेवर्ड सोसाइटी के 19वें फ्लोर से कूदकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली है। ऊंचाई से कूदने के बाद गंभीर रूप से घायल युवक को जेपी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पुलिस को युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस ने मृतक का मोबाइल जब्त कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक सेक्टर-100 में अमित गंडोत्रा (39) पुत्र देवेन्द्र गंडोत्रा परिवार के साथ रहता था। वह यहां फ्लैट नंबर 302 थर्ड फ्लोर टावर नंबर 21 पर रहता था।





सोसायटी के लोगों ने बताया कि आज सुबह करीब 9 बजे वो अपने फ्लैट से निकला और लिफ्ट से 19वें फ्लोर पर गया। वहां से उसने छलांग लगा दी। लिफ्ट में आते-जाते हुए उसे देखा गया। अमित फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया में चीफ ऑपरेटिंग आपरेशन के पद पर काम करता था। बताया गया कि हाल ही में उसने ये कंपनी (शेष पृष्ठ-4 पर)

# वैलेंटाइन-डे पर इंजीनियरिंग छात्रा की हत्या

**नोएडा (चेतना मंच)।**

वैलेंटाइन-डे के दिन एक इंजीनियरिंग की छात्रा की हत्या से हड़कंप मच गया है। छात्रा के गले पर रस्सी के निशान मिले हैं और उसका शव कमरे में पड़ा हुआ मिला है। थाना सेक्टर-58 पुलिस प्रेम प्रसंग सहित अन्य पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मूल रूप से मथुरा निवासी शालिनी नवादा गांव के नीलकंठ पीजी में अपनी एक पार्टनर के साथ रह रही थी। शालिनी गाजियाबाद के एक कॉलेज से इंजीनियरिंग कर रही थी साथ ही वह एक आईटी कंपनी में भी नौकरी करती थी। बुधवार शाम को शालिनी की पार्टनर जब कमरे पर पहुंची तो उसे दरवाजा खुला मिला कमरे के भीतर पहुंचने पर उसे शालिनी बिस्तर पर बेसुध अवस्था में पड़ी हुई मिली शालिनी के गले पर निशान थे शालिनी की पार्टनर उसे अपने अन्य साथियों की मदद से फोर्टिस अस्पताल लेकर पहुंची जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मेमो मिलने पर थाना सेक्टर 58 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।




थाना प्रभारी ने बताया कि शालिनी के गले पर निशान मिले हैं। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। पुलिस पीजी में लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज खंगालकर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि शालिनी के कमरे में कौन आया था। इसके अलावा उसके मोबाइल फोन की सीडीआर को भी खंगाला जा रहा है। पुलिस प्रेम प्रसंग लूटपाट सहित सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच पड़ताल कर रही है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में परिजनों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है।

# हॉस्टल में वार्डन के सामने छात्र को पीटा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा के लॉयड कॉलेज में पढ़ने वाले बीटेक के छात्र के साथ उसके रूममेट ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की। हैरानी की बात यह रही की हॉस्टल में हुई मारपीट की पूरी घटना वार्डन के सामने हुई। वार्डन ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय पीड़ित को ही हॉस्टल से निकालने का फरमान जारी कर दिया। पीड़ित छात्र ने अपने दो रूममेट, वार्डन सहित अज्ञात युवकों के खिलाफ थाना नॉलेज पार्क में मुकदमा दर्ज कराया है।



मूल रूप से मछुरा बाजार खगड़ा बरहमपुर मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल) निवासी जीत भगत ग्रेटर नोएडा के लॉयड कॉलेज में बीटेक का छात्र है। वह ग्रेटर नोएडा में इंथेश हाउस हॉस्टल में रह रहा है। जीत भगत के मुताबिक बीते 10 फरवरी को उसके रूम में (शेष पृष्ठ-4 पर)

# ई-रिक्शा पलटा, युवती की मौत, सड़क हादसों में दो मरे

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना ईकोटेक तीन क्षेत्र के सूरजपुर रोड पर पहिया निकलने से ई रिक्शा पलट गया और उसमें बैठी युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। अस्पताल ले जाते हुए युवती ने दम तोड़ दिया वहीं अलग-अलग स्थान पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई।

मूल रूप से जौनपुर निवासी (32 वर्षीय) नीतू पुत्री महेंद्र बुधवार को ई रिक्शा से सूरजपुर की तरफ जा रही थी। पुलिस लाइन से पहले पहिया निकलने से ई रिक्शा पलट गया और उसमें बैठी नीतू गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल नीतू को अस्पताल पहुंचाया जहां उसने दम तोड़ दिया। थाना ईकोटेक-1 क्षेत्र के जीबीयू चौराहे पर स्कूटी में वेगनर कार ने टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल स्कूटी सवार (शेष पृष्ठ-4 पर)

# पानी गर्म करने के लिए लगाई रॉड, करंट से महिला मरी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)** थाना सूरजपुर क्षेत्र के देवला गांव में किराए पर रहने वाली एक महिला की करंट लगने से मौत हो गई। पानी गर्म करने के लिए लगाई गई बिजली की रॉड छूने के कारण महिला को करंट लगा और उसकी मौत हो गई।



मूल रूप से बिहार निवासी भूदेव दास अपनी पत्नी रूबी देवी व बच्चों के साथ देवला गांव में किराए पर रह रहे हैं। बुधवार की सुबह उनकी पत्नी रूबी देवी ने बच्चों को नहलाने के लिए पानी गर्म करने के लिए रोड लगाई थी। जल्दबाजी में रूबी देवी का हाथ रोड से छू गया और वह करंट की चपेट में आकर बेहोश होकर बाथरूम में गिर गई। भूदेव दास पड़ोसी की मदद से अपनी पत्नी रूबी देवी को अस्पताल लेकर पहुंचा जहां चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। अस्पताल से जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची थाना सूरजपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# पंचतत्व में विलीन हुए ‘आप’ के जिलाध्यक्ष

## सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई, कल हुआ था निधन

**नोएडा (चेतना मंच)।** आगरा। आम आदमी पार्टी के गौतमबुद्धनगर के जिलाध्यक्ष भूपेद्र सिंह जादौन पुत्र स्व. ठा. मनीराम सिंह (प्रधान जी) का आज उनके पैतृक गांव इंद्रायनी, तहसील बाह जनपद आगरा में अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर सैकड़ों परिजनों, शुभचिंतकों व राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। मालूम हो कि भूपेन्द्र सिंह जादौन का कल दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में निधन हो गया। वे 35 वर्ष के थे तथा अपने पीछे दो बेटे व पत्नी समेत समूचा परिवार रोता-बिलखता छोड़ गए। 26 दिसंबर 2023 को सेक्टर-18 (शेष पृष्ठ-4 पर)



### चेतना मंच देखकर मनीष सिसोदिया को मिली खबर

**नोएडा।** आप आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को चेतना मंच देखकर भूपेन्द्र के निधन की जानकारी मिली। वे कल लखनऊ में अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने पहुंचे थे। वहीं पर प्रदेश प्रवक्ता संजीव निगम ने उन्हें चेतना मंच अखबार दिखाकर इस खबर की जानकारी दी। उन्होंने भूपेन्द्र के असामयिक निधन पर गहरा दु:ख जताया।

# नहीं रहे एनईए के पूर्व अध्यक्ष ब्रजपाल चौधरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारियों के हितों के लिए हमेशा ढाल की तरह खड़े होने वाले नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन (एनईए) के पूर्व अध्यक्ष ब्रजपाल चौधरी नहीं रहे। आज सेक्टर-27 स्थित अपने आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। सेक्टर-94 स्थित अंतिम निवास पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर सैकड़ों परिजन, शुभ चिंतक, विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग तथा प्राधिकरण के कर्मचारी मौजूद थे। बता दें कि सरल स्वभाव व मृदुभाषी ब्रजपाल चौधरी तीन बार एनईए के अध्यक्ष पद पर रहे। उनके कार्यकाल में कर्मचारियों के हितों में कई कदम उठाए गए।



# अब नोएडा में भी दिखेगा चंडीगढ का ‘रॉक गॉर्डन’!

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के मिनी कनॉट प्लेस कहे जाने वाले सेक्टर-18 में मल्टीलेविल पार्किंग के पास लोग अब चंडीगढ में नेकचंद द्वारा स्थापित रॉक गार्डन से रूबरू हो सकेंगे। कल 16 फरवरी को इसकी डिजाइन का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। यहां पर कबाड़ तथा अप्रयोज्य वस्तुओं से रॉक गार्डन बनाया जाएगा।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि रॉक गार्डन में खास तौर से पत्थरों के वेस्ट मटेरियल का प्रयोग किया जाएगा। यहां पर पहाड़ी लैंडस्केपिंग के तौर पर इसको तैयार किया जाएगा। इसको जापानी तकनीक पर भी तैयार किए जाने पर विचार किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि सेक्टर-18 में इसके लिए जगह देखी गई है, लेकिन अभी यह जगह आधिकारिक रूप से फाइनल नहीं की गई है। कुछ और जगह भी देखी गई हैं।



इंप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओई) में आने वाली कंपनियां जो प्रस्तुतीकरण देंगी, उसके हिसाब से जगह और कीमत फाइनल कर दी जाएगी। अधिकारियों ने दावा किया है कि इसको चंडीगढ़ से बेहतर बनाया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि प्राधिकरण की तरफ से रॉक गार्डन बनाने के लिए विभिन्न आर्किटेक्ट और आर्किटेक्ट कंपनियों से आवेदन मांगे गए हैं। कंपनियों को यह डिजाइन रिपोर्ट दो कलर कॉपी में देनी होगी। इस योजना को लेकर 16 फरवरी को नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में प्रस्तुतीकरण होगा। अधिकारियों ने बताया कि इसमें वहीं कंपनी आवेदन कर सकती हैं जिनको सात साल का अनुभव हो।

यहां एम्फीथियेटर भी बनाया गया है जहां दो हजार से ज्यादा लोग बैठ सकते है। रॉक गार्डन भी इसी का हिस्सा होगा। यही नहीं यहां लेजर शो का आयोजन भी किया जाएगा इसके अलावा लाइव कनसर्ट भी किए जाएंगे। ऐसे में सेक्टर-18 आने वाले लोगों के लिए ये बेहतर ऑप्शन होगा।

# महाप्रबंधक पद पर प्रोन्नत हुए आर.पी. सिंह

**नोएडा (चेतना मंच)।** शासन ने नोएडा प्राधिकरण के उप महाप्रबंधक (डीजीएम) राघवेन्द्र प्रताप सिंह की प्रोन्नति महा प्रबंधक (जीएम) पद पर कर दी है। औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर ने इस आशय का आदेश जारी किया है। इस प्रोन्नति के बाद प्राधिकरण के अधिकारियों, कर्मचारियों व उनके शुभचिंतकों में खुशी की लहर है। बता दें कि आर.पी. सिंह फिलहाल नोएडा प्राधिकरण में जल एवं सीवर विभाग में बतौर उप महाप्रबंधक सफलतापूर्वक जिम्मेदारी निभा रहे हैं। हाल ही में प्राधिकरण को एसटीपी व शोधित जल के क्षेत्र में वर्ल्ड वॉटर एवार्ड के तहत एसटीपी तथा वाटर रियूज प्रोजेक्ट ऑफ द ईयर के दो पुरस्कारों से नवाजा गया है। वहीं अब वाटर मीटर तथा अन्य क्षेत्रों में भी तेजी से कार्य चल रहा है।






# किसानों का मार्च

देश की राजधानी दिल्ली में 12 मार्च तक धारा 144 लागू कर दी गई है। हरियाणा के करीब 15 जिलों में भी निषेधाज्ञा की स्थिति है। जाहिर है कि हालात सामान्य नहीं हैं। एक बार फिर किसान संगठनों ने लामबंद होकर 'दिल्ली कूच' का आह्वान किया है। भारतीय किसान यूनियन (राकेश टिकैत समूह) ने 16 फरवरी को 'भारत बंद' का आह्वान किया है। किसानों ने अपने आंदोलन के लिए संवेदनशील समय चुना है। देश में आम चुनाव की गतिविधियां आरंभ हो गई हैं। ऐसे मौके पर अपनी मांगों को लेकर भारत सरकार को झुकने पर बाध्य किया जा सकता है। राजधानी में एक माह तक लगातार धारा 144 लागू करने की स्थिति देशहित में नहीं है। दिल्ली के तीन बॉर्डर पर किलेबंदी भी की गई है। सडक़ पर लोहे की कीलें गाडऩा, कंटीली तारें, लोहे और सीमेंट के विशालकाय अवरोधक, भारी कंटेनर और डंपर लगाकर रास्ते रोकने के दृश्य बीते किसान आंदोलन की यादें ताजा कर रहे हैं। हरियाणा के कई जिलों में तो मोबाइल इंटरनेट और बल्क एसएमएस की सेवाओं पर पाबंदियां चस्पां कर दी गई हैं। दिल्ली बॉर्डर और पंजाब-हरियाणा में सुरक्षा बलों और पुलिस के हजारों जवान तैनात किए गए हैं, मानो यह कोई भारत-पाकिस्तान सीमा हो और युद्ध के आसार हों! भारत सरकार और किसानों के बीच मतभेद और विवादास्पद समस्याएं सनातन रही हैं। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा और गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय की किसान नेताओं के संग बैठक और बातचीत बेनतीजा रही हैं, लेकिन बिजली कानून, 2020 को रद्द करने, लखीमपुर के किसानों को मुआवजा, पिछले आंदोलन में मारे गए किसानों के परिजनों को मुआवजा, किसानों पर दर्ज आपराधिक मामलों की वापसी आदि मुद्दों पर लगभग सहमति बन गई है, लेकिन बुनियादी गतिरोध न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के गारंटी कानून पर है। जब करीब दो साल पहले किसान आंदोलन समाप्त किया गया था, तब खुद प्रधानमंत्री मोदी ने इन मांगों को लेकर किसानों को आश्वस्त किया था। सवाल है कि सरकार एमएसपी पर अपनी नीति को स्पष्ट क्यों नहीं करती? यदि एमएसपी गारंटी कानून व्यावहारिक, संभव नहीं है, तो सरकार किसानों को अपना फैसला क्यों नहीं बताती? क्या आम चुनाव के मद्देनजर यह जोखिम नहीं उठाया जा सकता? वैसे भारत सरकार सिर्फ 23 फसलों पर ही एमएसपी की घोषणा करती है। उनमें भी गेहूं और धान की फसलों की खरीद ही एमएसपी पर होती है, क्योंकि खाद्य सुरक्षा और भंडारण के लिए सरकार को इन फसलों की व्यापक खरीद करनी पड़ती है। सरकार जिन 81 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज बांटती है, उसके लिए भी थोक में बंदोबस्त करना अनिवार्य है। इसके बावजूद करीब 12-14 फीसदी किसानों को ही खरीद का लाभ मिल पाता है। शेष 85 फीसदी से अधिक किसान छोटे और सीमांत हैं। वे सरकारी खरीद के दायरे में बहुत कम आ पाते हैं। इसके अलावा, सरकार के लगातार प्रचार के बाद मोटे अनाज में अब बाजरे की खेती का क्षेत्र बढ़ा है, लिहाजा उसकी खरीद भी बढ़ी है। बाजरे का एमएसपी अच्छा-खासा घोषित किया जाता है। आंदोलित किसानों की सनातन और निरंतर मांग रही है कि एमएसपी गारंटी कानून बनाया जाए। इसके मायने होंगे कि सरकार ने कागज पर उतना दाम दिलाने का वायदा किया है। खेती तो क्या, किसी भी उत्पाद का मूल्य सरकार तय नहीं कर सकती। यदि किसान संकट में हैं, तो अन्य समुदाय भी अपने आर्थिक और कारोबारी संकट लेकर सडक़ पर उतर सकते हैं। सरकार किस-किस को गारंटी देती रहेगी? लिहाजा ऐसा कानून अव्यावहारिक है। अलबत्ता पिछला आंदोलन वापस लेने के बाद भारत सरकार ने एक विशेष समिति का गठन किया था, जिसमें कुछ किसान प्रतिनिधियों को भी रखा गया था, लेकिन आज तक एमएसपी का मुद्दा अनसुलझा ही है। प्रधानमंत्री मोदी ने जिन वर्गों को चुना है, उनमें गरीब, युवा, नारी के साथ किसान भी हैं। किसान आर्थिक तौर पर आज भी विपन्न है।

# सोने की सदारत

**_देश में हर महीने तस्करी के जरिए करीब पांच टन सोना आ रहा है। वर्ष 2012-13 में सोने की तस्करी से जुड़े 870 मामले सामने आए थे और सौ करोड़ का सोना जब्त किया गया था। देश के सभी हवाई अड्डों पर तस्करी रोकने के लिए कस्टम विभाग है। इसके अलावा स्थानीय पुलिस भी चौकसी रखती है। देश के बंदरगाहों और समुद्री सीमा पर तस्करों पर निगाह रखने के लिए पुलिस के साथ जलसेना भी है। जिन सफेदपोश जमाखोरों का कालाधन विदेशों में जमा है, वे भी अपने कालेधन को सोने में बदलने लगे हैं। खाड़ी देशों और कालाधन से अर्थव्यवस्था चलाने वाले देशों में ये काला धंधा खूब फल-फूल रहा है। लिहाजा खाड़ी देशों के साथ ही टैक्स हैवन माने गए मलेशिया, सिंगापुर, फिलीपींस, इंडोनेशिया, थाईलैंड समेत कई दक्षिण-पूर्वी देश सोने की तस्करी में सहयोग देकर इस धंधे के लिए सोने में सुहागा बने हुए हैं। यह धंधा इसलिए भी उछाल मार रहा है क्योंकि 21वीं सदी के बीते दो दशकों में देश के करीब 3 करोड़ लोगों की समृद्धि बेतहाशा बढ़ी है।_**

सोने से करेंसी की कीमत आंकने के दिन भले ही अब बीत गए हों, लेकिन सोने की चमक अब भी बरकरार है। क्या करता है सोना, अर्थव्यवस्था के लिहाज से? इस आलेख में इसी विषय को खंगालने की कोशिश करेंगे। गर्व की बात है कि फोर्ब्स गोल्ड रिजर्व सर्वे के आधार पर भारत उन टॉप 10 देशों में शामिल है जिसके पास 800.78 टन सोना सुरक्षित है। इस सूची में भारत नौवें स्थान पर है। ब्रिटेन जैसे विकसित देश और सऊदी अरब भी भारत से पीछे हैं। सऊदी अरब 323.07 टन सोने के साथ सोलहवें और ब्रिटेन 310.29 टन सोने के भंडार के साथ सत्रहवें स्थान पर है। सबसे ज्यादा सोना 81336.46 टन अमेरिका के पास है। इसके बाद जर्मनी, इटली, फ्रांस, रूस, चीन, स्विट्जरलैंड, जापान और नीदरलैंड का नंबर आता है। स्वर्ण भंडार किसी देश की आर्थिक स्थिरता तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विशेष रूप से वित्तीय अनिश्चितता के समय ये भंडार किसी देश की आर्थिक स्थिति को स्पष्ट करता है। फोर्ब्स की रिपोर्ट के अनुसार सोना मूर्त संपत्ति होने के कारण देशों को अपने संपूर्ण विकास में विविधता लाने में सक्षम बनाता है। ये विविधता अन्य संपत्तियों के मूल्य में उतार-चढ़ाव से जुड़े जोखिमों को कम करने में मदद करती है। वर्तमान समय में विश्व के ज्यादातर देशों में आर्थिक लेन-देन के तरीके बदल रहे हैं।

तकनीक के जरिए धन का लेन-देन होने लगा है। इस कारण भी धन के रूप में सोने की जरूरत कम हुई है। फिर भी किसी देश की आर्थिक समृद्धि और उसकी मुद्रा का प्रमुख आधार सोने की अधिकता ही है। लिहाजा सोने का आयात और खरीद ऐसे कारक हैं, जो देश की आर्थिक उछाल का पर्याय बनते हैं। जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) की बढ़त में भी सोने का योगदान आंका जाता है। सोने को विश्व पटल पर 'पी-धातु' की संज्ञा दी गई है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा सोने में आयात के नियमों में ढील देने के कारण कोरोना महामारी और देशबंदी के कालखंड में सोने का आयात अधिक तो हुआ ही, लोगों ने व्यक्तिगत रूप से उसका संग्रह भी खूब किया। यदि इस अनुत्पादक और मृत संपदा में बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा भंडार खप जाए तो निकट भविष्य में सरकार के सामने विदेशी मुद्रा का संकट खड़ा हो सकता है। एक समय भले ही भारत सोने की चिडिय़ा कहा जाता हो, लेकिन आज तो उसे अपनी जरूरतों के लिए 95 फीसदी सोना दूसरे देशों से खरीदना होता है। कच्चे तेल के बाद सोने के आयात में ही सबसे ज्यादा विदेशी मुद्रा खर्च होती है। सोना भारतीय परंपरा में धार्मिक, सामाजिक और आर्थिक दृष्टियों से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। पूजा-पाठ से लेकर शादी में वर-वधु को सोने के गहने देना प्रतिष्ठा और सम्मान का प्रतीक है। जीवन में बुरे दिन आ जाने की आशंकाओं के चलते भी सोना सुरक्षित रखने की प्रवृत्ति आम आदमी में खूब है। इसलिए जैसे ही सोना सस्ता होता है, इसकी खरीद बढ़ जाती है। जिसका अप्रत्यक्ष प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। वित्तमंत्री रहे पी. चिदंबरम को जनता से अपील करनी पड़ी थी कि वह एक साल तक सोना न खरीदें, ताकि देश की माली हालत संभाली जा सके। चिदंबरम ने चेतावनी दी थी कि सोना डॉलर में आयात किया जाता है।

इस वजह से व्यापार घाटा खतरनाक तरीके से बढ़ जाता है और रुपए की कीमत भी गिरने लगती है। सोने के आयात के साथ यह धारणा भी बनी हुई है कि इससे चालू खाते के घाटे को कम करने में सहायता मिलती है। आयात और निर्यात के अंतर को व्यापार घाटा माना जाता है। सोने का आयात व्यापार के कई स्तरों को प्रभावित करता है। इसकी बिक्री बाजार के अन्य व्यापारिक क्षेत्रों को भी प्रभावित करती है। भारत सोने का बड़ा बाजार है और इस पर दुनिया की निगाहें टिकी रहती हैं। दूसरे देशों से होने वाले सोने के आयात से ही आभूषण उद्योग फलता-फूलता है। गहने बनाने में कुशल कारीगरों की आजीविका इसी व्यापार से चलती है। सोने का संग्रह और सोने के प्रति विशेष आकर्षण ही वह वजह है, जिसके चलते हर साल 10 टन तक सोने का आयात होता है। मंदिरों में भी अनेक श्रद्धालु सोने का गुप्त या खुला दान करते हैं। मशहूर बाबा अरुण गिरी तो सोने के गहनों से लदे हुए ही देश-विदेश की यात्राएं करते हैं। ये भक्तों से सोना ही दान में लेते हैं। सोने का संग्रह इसलिए भी किया जाता है, क्योंकि भविष्य में इसके दाम बढऩे की उम्मीद हमेशा बनी रहती है। सोने में जब-जब आयात की शर्तों में छूट और कीमतों में कमी आती है तो इसकी तस्करी भी खूब बढ़ जाती है। अकसर हवाई अड्डों और बंदरगाहों पर तस्करी का सोना लाने वाले पकड़े जाते हैं।

देश में हर महीने तस्करी के जरिए करीब पांच टन सोना आ रहा है। वर्ष 2012-13 में सोने की तस्करी से जुड़े 870 मामले सामने आए थे और सौ करोड़ का सोना जब्त किया गया था। देश के सभी हवाई अड्डों पर तस्करी रोकने के लिए कस्टम विभाग है। इसके अलावा स्थानीय पुलिस भी चौकसी रखती है। देश के बंदरगाहों और समुद्री सीमा पर तस्करों पर निगाह रखने के लिए पुलिस के साथ जलसेना भी है। जिन सफेदपोश जमाखोरों का कालाधन विदेशों में जमा है, वे भी अपने कालेधन को सोने में बदलने लगे हैं। खाड़ी देशों और कालाधन से अर्थव्यवस्था चलाने वाले देशों में ये काला धंधा खूब फल-फूल रहा है।

लिहाजा खाड़ी देशों के साथ ही टैक्स हैवन माने गए मलेशिया, सिंगापुर, फिलीपींस, इंडोनेशिया, थाईलैंड समेत कई दक्षिण-पूर्वी देश सोने की तस्करी में सहयोग देकर इस धंधे के लिए सोने में सुहागा बने हुए हैं। यह धंधा इसलिए भी उछाल मार रहा है क्योंकि 21वीं सदी के बीते दो दशकों में देश के करीब 3 करोड़ लोगों की समृद्धि बेतहाशा बढ़ी है। इसमें सफेद के साथ काली कमाई भी बड़ी मात्रा में शामिल है। सोना एक अनुत्पादक धातु है, यह केवल व्यक्तिगत वैभव बढ़ाने और भविष्य में आर्थिक सुदृढ़ता से जुड़ी धातु है। देश समेत वैश्विक अर्थव्यवस्था को सोने में आने वाला उतार-चढ़ाव प्रभावित करता है। ऐसे में भारत का सुरक्षित स्वर्ण भंडार के लिहाज से अग्रणी देशों में शामिल होना गौरव की बात है।

**-प्रमोद भार्गव**
**स्वतंत्र लेखक**

# किसानों की मांगों पर सहानुभूति से विचार हो

प्रधानमंत्री मोदी की मजबूत प्रतिबद्धता में से एक किसानों का सशक्तिकरण है। किसानों को सशक्त बनाना व उनकी आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करना प्रधानमंत्री की ग्रामीण भारत की बेहतरी के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता है, जो भारत की अधिकांश आबादी को सशक्त बनाने और किसान समुदायों के उत्थान के लिए समर्पित हैं। समावेशी विकास पर एक मजबूत ध्यान देने के साथ, उनकी नीतियों और कार्यक्रमों को ग्रामीण और शहरी भारत की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और नीम-लेपित यूरिया उर्वरक को बढ़ावा देने जैसी पहलों को लागू करके, मोदी ने कृषि क्षेत्र को मजबूत करने और किसानों की भलाई सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की खाद्य टोकरी में विविधता लाने और टिकाऊ कृषि प्रथाओं को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया है। बाजरा लचीला, पौष्टिक और जलवायु-स्मार्ट फसलें होने के नाते, खाद्य सुरक्षा को बढ़ाने और किसानों की आजीविका में सुधार करने की क्षमता रखती हैं। इस पहल का उद्देश्य बाजरा की खेती, खपत और व्यावसायीकरण को पुनर्जीवित करना है, जो अंततः किसानों और उपभोक्ताओं दोनों को लाभान्वित करता है। श्री अन्न वर्ष 2023 जैसी पहलों के माध्यम से, श्री अन्न की खेती के लिए किसानों को बहुत मशक्कत नहीं करनी पड़ती। धान के मुकाबले मोटे अनाज की खेती में पानी की खपत कम होती है। यूरिया और दूसरे रसायनों की जरूरत नहीं पड़ती है। इसकी खेती पर्यावरण के लिए भी बेहतर है।



पिछले कुछ सालों की तरह अगर दुनिया में यूं ही श्री अन्न की मांग बढ़ती है तो किसान कम लागत पर ज्यादा फायदा देने वाली फसल की पैदावार को और बढ़ा सकेंगे। भारत में उगाए जाने वाले मोटे अनाजों में पर्ल मिलेट, ज्वार, फिंगर मिलेट और प्रोसो मिलेट, कोदो मिलेट, छोटा मिलेट, कंगनी मिलेट, ब्राउनटॉप मिलेट, बार्नयार्ड मिलेट, चौलाई और बकवीट जैसे गौण श्री अन्न शामिल हैं। भारत में मोटा अनाज खाने की परंपरा रही है। यह इनसान को सेहतमंद रखता है। भारत यही परंपरा अब दुनिया तक पहुंचाना चाहता है। पीएम मोदी ने मोटे अनाज को बढ़ावा देने की बात कही। हाल में मन की बात में भी उन्होंने इसका जिक्र किया है। सरकार की पहल के तहत ही संसद की कैंटीन में भी मोटे अनाज से बने व्यंजनों की शुरुआत हुई है। कैंटीन में देश के अलग-अलग इलाकों में फेमस मोटे अनाज से बने व्यंजन को खाने की सूची में शामिल किया गया है। इतना ही नहीं, इस साल भारत में आयोजित होने वाले जी-20 कार्यक्रम में मोटे अनाज से बने पकवानों को विदेशी मेहमानों और वर्ल्ड लीडर्स के सामने पेश किया है। भारत श्री अन्न का सबसे बड़ा उत्पादक और दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है। दुनिया भर में बाजरा को लोकप्रिय बनाने में भारत सबसे आगे रहा है। वेबएमडी की रिपोर्ट के अनुसार, मोटा अनाज मोटापा, दिल की बीमारियां, टाइप-2 डायबिटीज और कैंसर का खतरा घटाता है। यह बॉडी में ऐसे बैक्टीरिया की संख्या को बढ़ाता है जो आंतों की सेहत दुरुस्त रखते हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह है इसमें मौजूद फाइबर और पोषक तत्व।

यही वजह है कि मोटे अनाज को सुपर फूड भी कहते हैं। मोटे अनाज में फाइबर के साथ विटामिन-बी, फोलेट, जिंक, आयरन, मैग्नीशियम, आयरन और कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शहरी-ग्रामीण विभाजन को पाटने, वित्तीय समावेशन को बढ़ाने और टिकाऊ कृषि प्रथाओं को बढ़ावा देने की दिशा में काम किया है। किसान समुदायों की आबादी के बीच आत्मनिर्भरता की भावना को बढ़ावा दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व ने किसान समुदायों की आबादी में उल्लेखनीय परिवर्तन लाया है। देश भर के किसानों का उत्थान किया है। उनके समर्पित फोकस के परिणामस्वरूप कई प्रभावशाली पहल हुई हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने औपचारिक ऋण तक पहुंच की सुविधा प्रदान की है, जिससे ग्रामीण उद्यमियों को अपने व्यवसाय को स्थापित करने और विस्तार करने में सक्षम बनाया गया है। इससे ग्रामीण समुदायों की जीवन स्थितियों में काफी सुधार हुआ है। पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम कृषि सिंचाई योजना और पीएम फसल बीमा योजना जैसी योजनाओं के कार्यान्वयन के माध्यम से किसान कल्याण के लिए प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता स्पष्ट है। इन कार्यक्रमों ने क्रमशः वित्तीय सहायता, सिंचाई के बुनियादी ढांचे में वृद्धि और फसल बीमा प्रदान किया है, जिससे किसानों की भलाई और समृद्धि सुनिश्चित हुई है। ग्रामीण भारत की बेहतरी के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता के साथ उन्होंने सकारात्मक बदलाव लाया हैं। अच्छी तरह से परिभाषित नीतियों और कार्यक्रमों के माध्यम से मोदी ने किसान समुदाय के उत्थान और ग्रामीण और शहरी भारत की नींव को मजबूत करने के लिए अथक प्रयास किया है जिनका लाखों भारतीयों के जीवन पर परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ा है। मोदी ने कई किसान-केंद्रित नीतियों और कार्यक्रमों को लागू किया है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का उद्देश्य सिंचाई के बुनियादी ढांचे के विकास के माध्यम से कृषि गतिविधियों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों को फसल विफलताओं और प्राकृतिक आपदाओं से बचाने के लिए फसल बीमा प्रदान करती है जिससे उन्हें वित्तीय सुरक्षा मिलती है। पीएम किसान सम्मान निधि योजना छोटे और सीमांत किसानों को प्रत्यक्ष आय सहायता प्रदान करती है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित होती है। प्रधानमंत्री मोदी ने टिकाऊ कृषि प्रथाओं और ग्रामीण विकास के महत्व पर भी जोर दिया है। नीम-लेपित यूरिया उर्वरक को बढ़ावा देने जैसी पहलों ने मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार किया है और कृषि के पर्यावरणीय प्रभाव को कम किया है। जन-धन योजना ने ग्रामीण आबादी को बैंकिंग सेवाओं और किफायती बीमा तक पहुंच प्रदान करके वित्तीय समावेशन सुनिश्चित किया है। इसके बावजूद कहा जा रहा है कि किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई है। किसान आत्महत्याएं कर रहे हैं। फिर से किसान आंदोलित हैं। उनकी मांगों पर सहानुभूति से विचार होना चाहिए।

**-डा. अमरीक ठाकुर**
**शिक्षाविद**

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि प्रभु के वचन सुनकर मैं बहुत ही प्रेम में भर गया। तब मन में अनुमान करने लगा कि प्रभु ने सब सुखों के देने की बात कही, यह तो सत्य है, पर अपनी भक्ति देने की बात नहीं कही॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**भगति हीन गुन सब सुख ऐसे। लवन बिना बहु बिंजन जैसे॥**
**भजन हीन सुख कवने काजा। अस बिचारि बोलेउँ खगराजा॥**

भक्ति से रहित सब गुण और सब सुख वैसे ही (फीके) हैं जैसे नमक के बिना बहुत प्रकार के भोजन के पदार्थ। भजन से रहित सुख किस काम के हे पक्षीराज! ऐसा विचार कर मैं बोला- ॥

**जौं प्रभु होइ प्रसन्न बर देहू। मो पर करहु कृपा अरु नेहू॥**
**मन भावत बर मागउँ स्वामी। तुम्ह उदार उर अंतरजामी॥**

हे प्रभो! यदि आप प्रसन्न होकर मुझे वर देते हैं और मुझ पर कृपा और स्नेह करते हैं, तो हे स्वामी! मैं अपना मनभाया वर माँगता हूँ। आप उदार हैं और हृदय के भीतर की जानने वाले हैं॥

**दो0-अबिरल भगति बिसुद्ध तव श्रुति पुरान जो गाव।**
**जेहि खोजत जोगीस मुनि प्रभु प्रसाद कोउ पाव॥**

आपकी जिस अविरल (प्रगाढ़) एवं विशुद्ध (अनन्य निष्काम) भक्ति को श्रुति और पुराण गाते हैं, जिसे योगीश्वर मुनि खोजते हैं और प्रभु की कृपा से कोई विरला ही जिसे पाता है॥

**भगत कल्पतरू प्रनत हित कृपा सिंधु सुखधाम।**
**सोइ निज भगति मोहि प्रभु देहु दया करि राम॥**

हे भक्तों के (मन इच्छित फल देने वाले) कल्पवृक्ष! हे शरणागत के हितकारी! हे कृपासागर! हे सुखधान श्री रामजी! दया करके मुझे अपनी वही भक्ति दीजिए॥


**एवमस्तु कहि रघुकुलनायक। बोले बचन परम सुखदायक॥**
**सुनु बायस तैं सहज सयाना। काहे न मागसि अस बरदाना॥**

एवमस्तु (ऐसा ही हो) कहकर रघुवंश के स्वामी परम सुख देने वाले वचन बोले- हे काक! सुन, तू स्वभाव से ही बुद्धिमान है। ऐसा वरदान कैसे न माँगता॥


**क्रमशः**

# राशिफल


माघ शुक्ल षष्ठी | (विक्रम संवत् 2080)




**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। शुभता के प्रतीक बने रहेंगे। सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य बहुत अच्छा।




**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार भी अच्छा।



**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नवीन स्तोत्र बनेंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।




**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
व्यावसायिक उपलब्धि मिलेगी। उच्चाधिकारियों का आर्शीवाद मिलेगा। राजनीतिक लाभ होगा।




**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
भाग्यवश कुछ काम बनेंगे। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे।




**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
थोड़ा बचकर पार करें। कोई रिस्क न लें। आर्थिक नुकसान हो सकता है। शारीरिक नुकसान हो सकता है। प्रेम,संतान अच्छा।




**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
जीवनसाथी की तरफ से कुछ खुशहाल समाचार मिल सकता है। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात हो सकती है।




**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
शत्रु मित्रवत रहेंगे। गुण ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आर्शीवाद मिलेगा। नैनीहाल पक्ष से खुशखबरी मिलेगी।



**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय लेना चाहते हैं तो ले डालिए। कोई लिखने-पढ़ने में समय व्यतीत करना चाहते हैं।



**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
भौतिक सुख-संपदा से संबंधित अगर कुछ भी अगर खरीदारी करना चाहते हैं तो बेझिझक करिए, योग बन रहा है। स्वास्थ्य अच्छा है।



**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
किसी नए व्यापार की शुरुआत करना चाहते हैं, योजनाओं को कार्यरुप देना चाहते हैं तो कर डालिए शुभ होगा।



**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
धन आगमन होगा। कुटुंब में वृद्धि होगी। जुआ, सट्टा, लॉटरी में फायदा होगा, लेकिन बहुत रिस्क मत लीजिएगा।

# दुनिया में बढ़ा भारत का सम्मानः डॉ. महेश शर्मा



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद डॉ. महेश शर्मा व दादरी के विधायक मास्टर तेजपाल नागर ने सूरजपुर चंपत कालोनीं के रासतों का लोकार्पण किया एवं लोगों से जनसंवाद किया तथा लोगो की समस्याएं सुनी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने कहा कि आज देश दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है ये सब विश्व के लोकप्रिय नेता देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ संकल्प ऐतिहासिक कार्यों के करने से आज हम सब अयोध्या में भगवान राम के मंदिर धारा 370 को हटा सैकड़ा जन कल्याणकारी योजनाओं से पंक्ति के अंतिम शोषित वंचित पिछड़े तक मोदी योगी की सरकार काम कर रहीं है और जनता में उत्साह है फिर एक बार तीसरी बार मोदी सरकार बने उसके लिये लोगों से अपील करते हुए कहा कि गौतमबुधनगर में वोट प्रतिशत बढ़े उसके लिये चुनाव में सभी मतदान करे विधायक तेजपाल नागर ने कहा कि हमारी सरकार मोदी योगी की सरकार सबका साथ सबका विकास सबके विश्वास पर काम कर रहीं है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि बलराज भाटी, अभिषेक शर्मा, ज़िला मंत्री सत्यपाल शर्मा, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, मंडलाध्यक्ष मनोज भाटी, महेश शर्मा, मनोज प्रधान, सुनील सोनक, राजेश ठेकेदार, भूदेव शर्मा, शिवकुमार आर्य, जयदेव शर्मा, लक्ष्मण सिंघल, ओमवीर बैसला, विजय भाटी, चन्दरपाल बैसला, केडी गुर्जर, मानकचन्द शर्मा, प्रेमवीर शर्मा, बीजेंद्र मुद्गल, अनुज कौशिक, अश्वनी त्यागी, धर्मपाल सिंह, टेकचंद शर्मा, शुभाष शर्मा, विशाल कुमार आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सामूहिक विवाह कार्यक्रम धूमधाम से हुआ सम्पन्न



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** बसंत पंचमी के अवसर पर कल विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 16 कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह का अयोजन डी-48 साइट 4 ग्रेटर नोएडा में सम्पन्न हुआ।

समारोह में मुख्य अतिथि जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरी महाराज ने सभी वर बधुओं को आशीर्वचन दिए, उनके नए जीवन की नई बेला को शुभकामनाएं दी। सनातन बेटियां जो साधनहीन है उनके लिए किए गए। इस अयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम से कई बच्चियों के सपने पूरे होते हैं, ऐसे अयोजन की जितनी प्रसंशा की जाए कम है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत सह सम्पर्क प्रमुख वेद पाल, जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह, डीसीपी सुनिती सिंह, नौरंग सिंह, प्रमोद चौहान, भोपाल सिंह, मुकेश शर्मा, मनोज गर्ग, सरदार मंजीत सिंह, चरन सिंह, सौरभ बंसल, संजय शर्मा, अंकित मित्तल, मुकुल गोयल, अमर जीत सिंह, कपिल गुप्ता, अमित गोयल, सुरेश गर्ग, अमन अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, हरीश जिंदल, कमल बंसल, अशोक अग्रवाल, गिरीश गुप्ता, मुकेश शर्मा, अजेय गुप्ता, सुरेंद्र कुमार,जय प्रकाश सिंह, प्रदीप कुमार, प्रतिमा सिंह, सरोज अरोड़ा, सीमा सिंह, रश्मी अरोड़ा, रीना गुप्ता, मिली गुप्ता, सरोज तोमर, कांतिपाल, संगीता सक्सेना, महिमा पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

# कई लोगों ने थामा भाजपा का दामन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भाजपा जिला कार्यालय तिलपता गोलचक्कर पर दादरी विधानसभा का सम्मेलन हुआ। कार्यक्रम में कई प्रमुख लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद डॉ. महेश शर्मा, विधायक तेजपाल नागर, जिला अध्यक्ष गजेंद्र मावी रहे। समाज के प्रमुख जिला बार के पूर्व अध्यक्ष सुशील भाटी अपने सैकड़ो सर्मथकों के साथ विधिवत भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली।

# मोहित यादव बने लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए ज्यादा से ज्यादा भागीदारी संगठन में देना तय किया है इसी क्रम में युवा नेता मोहित यादव निवासी पतवाडी को लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष डा0 रामकरण निर्मल ने जिले की जिम्मेदारी सौंपी है। मोहित यादव समाजवादी पार्टी के सक्रिय युवा नेता हैं वह जिला गौतम बुद्ध नगर में प्राधिकरणों के विरुद्ध चल रहे किसान आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाते हैं मोहित यादव का कहना है कि किसान आंदोलन में बढ़ चढ़कर भाग लेने का ही प्रतिफल है कि आलाकमान ने उन्हें लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष के रूप में बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। इस मौके पर मोहित यादव को पूर्व जिला महासचिव जगबीर नंबरदार,दादरी विधान सभा अध्यक्ष रोहित मत्ते गुर्जर,यूवा नेता प्रशांत भाटी, छात्र नेता मोहित नागर सहित बड़ी संख्या में लोगों ने बधाई दी।

# शहदरा में भाकियू ( बलराज ) ने प्राधिकरण के खिलाफ खोला मोर्चा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण ने आज सेक्टर-142 स्थित शहदरा गांव में स्थित मार्केट को बिना नोटिस के जबरन तोड़ दिया जिससे भारतीय किसान यूनियन बलराज के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त आक्रोश है। घटना की सूचना पाकर यूनियन के कार्यकर्ताओं ने मौके पर ही धरना देना शुरू कर दिया है। भारतीय किसान यूनियन बलराज के प्रदेश अध्यक्ष हातिम सिंह भाटी के नेतृत्व में सैकड़ो की तादाद में कार्यकर्ता मौके पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

प्रदेश अध्यक्ष हातिम सिंह भाटी ने कहा कि न्यायालय के स्टे के बावजूद नोएडा प्राधिकरण के दस्ते ने मार्केट को तहस-नहस कर दिया जिसमें लाखों रुपए का नुकसान हुआ है उन्होंने कहा कि नोएडा प्राधिकरण के अफसर न तो कोई नोटिस दिए ना ही कोई सूचना और अचानक पहुंचकर मार्केट को जोड़ दिया। उन्होंने कहा कि अब नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी न्यायालय से भी ऊपर हो गए हैं समाचार लिखे जाने तक भारतीय किसान यूनियन का धरना प्रदर्शन मार्केट के बाहर जारी रहा।

# हक के लिए 19 को हड़ताल पर रहेंगे कामगार



**नोएडा( चेतना मंच )।** कल होने वाली हड़ताल की तैयारी में सीटू कार्यकर्ताओं ने आज भी जोरदार तरीके से जनसंपर्क, पर्चा वितरण, नुक्कड़ सभा, बाइक रैली के जरिए मेहनतकश लोगों से हड़ताल को सफल बनाने की अपील किया। हड़ताल के मुद्दों को रेखांकित करते हुए सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि बढ़ती महंगाई के आधार पर न्यूनतम वेतन 26000 हजार देश के सभी मजदूरों के लिए घोषित किया जाए तथा एनसीआर क्षेत्र के लिए अलग वेज बोर्ड का गठन किया जाए जब तक एनसीआर वेज बोर्ड का गठन नहीं होता है तब तक नोएडा, ग्रेटर नोएडा गौतम बुध नगर के मजदूरों के वेतन में बढ़ोतरी कर दिल्ली के बराबर न्यूनतम वेतन दिया जाए, घरेलू कामगारों एवं आंगनवाड़ी आशा आदि स्कीम वर्कर्स को न्यूनतम वेतन व सामाजिक सुरक्षा सहित सभी हितलाभ दो तथा रेहड़ी पटरी फुटपाथ के दुकानदारों, रिक्शा, बैटरी रिक्शा, टेंपो चालकों सहित असंगठित क्षेत्र के सभी मजदूरों का उत्पीड़न व उजाड़ना बंद कर सब का सर्वे कर लाइसेंस व सामाजिक सुरक्षा दी जाए।

# केंद्रीय मंत्री ने ग्रेटर नोएडा इकोटेक 8 में किया प्रद्योगिकी केंद्र का उद्घाटन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** एमएसएमई के तत्वाधान में केंद्रीय मंत्री एमएसएमई, नारायण राणे ने नए बने प्रौद्योगिकी केंद्र, इकोटेक-8 का उद्घाटन किया। उद्घाटन में राज्य एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, जिलाधिकारी मनीष कुमार, अनिल कुमार, उपयुक्त जिला उद्योग केंद्र व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

आयोजन में आईआईए ग्रेटर नोएडा से राष्टीय सचिव विषरद गौतम, न्यू तकनीक चेयरमैन जेड रहमान, सचिव सरबजीत सिंह, जे एस राणा, के पी सिंह, गौरव अस्थाना, बासित, गौरव मिंडा, पी के शर्मा, प्रमोद गुप्ता, सोहराब जामी व मनोज झा आदि सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

# किसान सभा का धरना जारी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** किसान सभा द्वारा चल रहा धरना आज 16 वें दिन भी धरना स्थल पर सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुषों ने सरकार और प्राधिकरण के विरुद्ध जोरदार नारेबाजी की किसान सभा की जिला कमेटी के सदस्यों ने ग्राम लुक्सर खानपुर सिरसा घंघोला मायचा रामपुर डाबरा घोड़ी जुनपत थापखेड़ा में 16 फरवरी के जुलूस आंदोलन के लिए बड़े पैमाने पर जनसंपर्क किया। किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ रुपेश वर्मा ने कहा कि हमारी लड़ाई आर पार की है।

प्रशासन ने 18 फरवरी तक हाई पावर कमेटी के गठन का आश्वासन दिया है पूर्व में भी प्रशासन द्वारा वादा खिलाफी की गई है किसान सभा बड़ी मुस्तैदी से आंदोलन की तैयारी कर रही है यदि 18 तारीख तक हाई पावर कमेटी नहीं बनी तो बड़ा आंदोलन होगा।

प्रदर्शन में ब्रह्म सिंह नेता, अजब सिंह नागर, मनोज प्रधान, मगन भाटी, जोगिंदर प्रधान, लोकेश भाटी, ब्रहम सिंह घंघोला, सत्तू रूपचंद बुधराम दरोगा, यतेंद्र मैनेजर सुबे राम नेताजी, सुरेश यादव, प्रशांत भाटी, धरना स्थल पर वीर सिंह नेताजी, तिलक देवी, पूनम देवी, रीना देवी, कमलेश देवी, राजेश देवी, सुरेंद्र यादव, रोहित भाटी, धर्मी भाटी, जगबीर नंबरदार, वीर सिंह नेताजी, दुष्यंत सेन, अजय पाल भाटी, सुनील भाटी, इंद्रजीत भाटी, सचिन भाटी, अशोक भाटी, कपिल भाटी, अरुण भाटी आदि लोग उपस्थित रहे।

## Name Change

This is informed that I, MALTI DEVI D/o DEWAN SINGH R/o H. No- 20, Gali No-13, Krishna Nagar Bagu, Ghaziabad, Uttar Pradesh, 201009 have changed my father's name as MALTI DEVI D/o OMPRAKASH instead of DEWAN SINGH. OMPRAKASH is coreet name of my father but by mistake in some document it has printed MALTI DEVI D/o DEWAN SINGH inplace of OM PRASASH. Now I will be known on the name of MALTI DEVI D/o OMPRAKASH.

## संबंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं जतन शर्मा पुत्र श्री छेदीलाल शर्मा निवासी कनोडिया मिल मंडी श्याम नगर, खेरली हाफिजपुर, थाना-दनकौर जिला-गौतमबुद्धनगर (उत्तर प्रदेश) मेरा पुत्र अंकित शर्मा व पुत्रवधू सपना मेरे कहने में नहीं चलते हैं, और मेरे साथ अभद्र भाषा का प्रयोग व अमानवीय व्यवहार करते हैं । मैंने अपने पुत्र व उसकी पत्नी को समझाने का काफी प्रयास किया लेकिन अंकित शर्मा व पुत्रवधू सपना के व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। अंकित व सपना के इन्हीं कृत्यों से दुःखी व परेशान होकर मैं अपने पुत्र अंकित शर्मा व पुत्रवधू सपना से संबंध-विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। आज के बाद अंकित व सपना किसी से लेन-देन करते हैं या उनके किसी भी कृत्य के लिए वह लोग खुद जिम्मेदार होंगे।

# बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजन व निराला जयंती पर कवि गोष्ठी



**मिर्जापुर( चेतना मंच )।** अनगढ़ रोड, आनन्द केसरी के आवास पर बसंत पंचमी की संध्या पर माँ सरस्वती की आराधना करते हुए और कविवर सूर्यकांत त्रिपाठी निराला को याद करते हुए कवि गोष्ठी आयोजित की गई। आरम्भ में नंदिनी वर्मा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया।

गोष्ठी में नव गीत और आधुनिक गजल के सशक्त हस्ताक्षर गणेश गम्भीर ने सुनाया-जमी थी बर्फ जो रिश्तों पे वो पिघलने लगी, कहा दरख़्त ने मौसम से पत्तियां दे मुझे। दस पुस्तकों के रचनाकार भोलानाथ कुशवाहा ने बसन्त ऋतु पर सुनाया-आया है बसन्त,खोया-खोया सा, सारी रात रोया-रोया सा।

मुहिब मिर्जापुरी ने अपनी सुमधुर आवाज में ग़ज़ल पढ़ कर गोष्ठी को नई ऊंचाई दी। शायद मिरे वजूद से डरने लगा हूँ मै, ले तेरी अंजुमन से चला जा रहा हूँ मैं। दोस्त,आनन्द भवन रोता है काव्य संग्रह के रचनाकार अधिदर्शक चतुर्वेदी ने सुनाया-मेरी चाहत लहूलुहान हुई, यार को रँगेहीना याद आया।

इलाहाबाद बैंक के पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक केदारनाथ सविता ने अपनी कविता पढ़ते हुए कहा-तुम्हारी दोस्ती को हर पल अपनी आंखों में सजाया है। अपनी दो पुस्तकों के प्रकाशन के पश्चात सारिका चौरसिया ने अपनी कविताओं से सबको चौंका दिया-उनकी एक मुस्कान पर हम सौ दफा मर गये, उनके गालों पर पड़े गड्ढे हमें तो गुमराह कर गए। हसन जौनपुरी ने अपनी गज़ल की पुस्तक खुशबू से ग़ज़ल तरन्नुम में सुनाया- नहीं यह सच है जो ऐसा दिखाई देता है, जमीं से आसमा मिलता दिखाई देता है।

गोष्ठी को देशप्रेम की ओर मोड़ते हुए डॉ सुधा सिंह ने सुनाया-भारत माँ की शान तिरंगा,इसे सदा लहराएंगे,नहीं झुका है नहीं झुकेगा, बेशक शीश कटाएंगे। गफ्फार नियाजी ने भी अपनी ओज भरी वाणी में देशवासियों को ललकारा-ऐ भारत के हिन्दू मुस्लिम हो जाओ तैयार, तुम अर्जुन के तीर बनो,हम हैदर की तलवार। काव्यजगत की नव हस्ताक्षर इला जायसवाल ने वसन्त ऋतु पर सुनाया-आया वसन्त,आया वसन्त, जीवन में हों खुशियां अनन्त। पेशे से शिक्षक नंदिनी वर्मा की मधुर आवाज में विरह गीत सबको गमगीन कर गया - बिछड़ के हमसे हमको याद करना,तुम कहो कैसा लगा। इंटर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य लालव्रत सिंह सुगम ने दुमदार दोहे सुनाया-प्यार कहीं शादी कहीं कर देखते परिणाम, बहू बनी अभिसारिका, वर वेश्या के धाम,एड्स क्यों नहीं बढ़ेगा, अपनी शक्तिशाली कविताओं के द्वारा जानने वाले गुमनाम मिर्जापुरी ने सुनाया-मरते को खून दे के बचाएं, चलो प्यार के दीये जलाएं। रवींद्र कुमार पांडेय सरल जो पेशे से वरिष्ठ एडवोकेट हैं,उन्होंने सुनाया-कभी मत तू अन्याय की बात सहना,के कभी मत तू पंचों के चक्कर में पड़ना, अगर कोई दिक्कत है तुमको सताये, तो ऐ मेरे बेटे कचहरी ही जाए। पूनम केसरी ने अपनी डायरी में से कई कविताओं का वाचन किया - जिंदगी में पढ़ाई,जीत की लड़ाई, रुके न कभी ओ मेरे भाई।

# कई नेता भाजपा में हुए शामिल

**भदोही ( चेतना मंच )।** भाजपा के जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा के उपस्थिति में कल कई लोग भाजपा में शामिल हुए। जनपद में तीनों विधानसभा में लगभग 967 लोग सपा बसपा कांग्रेस विचारधारा के लोग भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा जिसमें श्रीमती काजल यादव पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सपा तथा राजित राम यादव सपा नेता मुख्य रहे। सांसद डॉ. रमेश बिंद ने आए हुए सभी का भाजपा परिवार में आभार व्यक्त किया और कहां आप सभी का भाजपा परिवार में स्वागत है। आप भारतीय जनता पार्टी के विचारधारा से प्रेरित होकर भाजपा का दामन जो थामा है इससे भारतीय जनता पार्टी का जनाधार बढ़ेगा। जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा कि आप सभी का आभार व्यक्त किया इसी क्रम में उपस्थित पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष पांडेय जिला महामंत्री रमेश पांडेय वीरू शुक्ला छत्रपति सिंह जिला मीडिया प्रभारी गोवर्धन राय श्रीनिवास चतुर्वेदी युवा नेता मनीष पांडेय मंडल अध्यक्ष राज यादव सौरभ मालवीय मंडल अध्यक्ष स्नेह लता श्रीवास्तव पूनम गुप्ता आकाश मृत्युंजय शिवम इत्यादि वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रहे।






## BEFORE THE HONOURABLE FAMILY COURT KATTAPPANA

OP (Declaration) NO. 941/2022

**Petitioner**

Seema V.M D/o Chacko Mathai aged 40 years residing at Vadakkethil house Chakkupallam P.O Pin, 685509 Chakkupallam Village Udumbanchola Taluk Kumily Police Station Limits

**Respondent:**

Mukesh Kumar S/o Omprakash Singh aged 40 years residing at House No. G207 Khatana Post Dadpur Village Goutham Budh Nagar District Uttar Pradesh State presently resident of C/o Mrs. Suby Chacko, 20 D Pocket B-3, Mayur Vihar Phase-3 Delhi-96 Gazipur Police Station Limit.

The case number above stated which was filed by the above named petitioner against you is posted to 27/2/2024 If you have any objection to be submitted before the court in this case, you are hereby directed to appear before the court on the said day at 10 o'clock through pleader appointed by you or by you personally and file your objection if any and in fail the case will be decided on the assumption that there is nothing to be submitted by you in the case.

By order
VA George
Advocate

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# ग्रेनो वेस्ट में अर्थ एसईजेड व निजी अस्पताल के सामने एफओबी बनाने पर लगी रोक

## प्राधिकरण की अनुमति के बिना लोकेशन बदलने पर सीईओ ने लिया ऐक्शन

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अनुमति के बिना फुटओवर ब्रिज की जगह बदलकर अर्थ एसईजेड व निजी अस्पताल के सामने बनाने की घटना को सीईओ एनजी रवि कुमार ने गंभीरता से लिया है। सीईओ ने फुटओवर ब्रिज के निर्माण पर तत्काल रोक लगाते हुए जांच कर तीन दिन में रिपोर्ट भी मांगा है। अब तक जितना निर्माण हो चुका है, उसे भी तोड़ने के निर्देश दिए है। सीईओ ने संबंधित कॉन्ट्रैक्टर को नोटिस जारी कर ब्लैक लिस्ट करने के निर्देष दिए हैं। साथ ही कार्य में लापरवाही मानते हुए इस प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा वासियों की सुविधा को देखते हुए सीईओ एनजी रवि कुमार ने जरूरत के हिसाब से सभी सार्वजनिक जगहों पर फुटओवर ब्रिज बनाने के निर्देश दिए हैं, ताकि लोगों को सड़क पार करने में सुविधा हो सके। इनमें से ही एक फुटओवर ब्रिज ग्रेटर नोएडा वेस्ट में निराला एस्टेट और सुपरटेक ईको विलेज के पास बनाया जाना था, लेकिन कॉन्ट्रैक्टर ने प्राधिकरण से अनुमति के बिना लोकेशन बदल दिया।


कान्ट्रैक्टर निराला एस्टेट के पास वाले एफओबी को अर्थ एसईजेड के पास और सुपरटेक ईको विलेज को निजी अस्पताल के पास बनाने लगा। इसकी सूचना सीईओ तक पहुंची। उन्होंने इसे गंभीरता से लिया और दोनों फुटओवर ब्रिज का काम तत्काल रुकवा दिया। सीईओ ने एक कमेटी बनाकर इसकी जांच कराने नोटिस जारी कर ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही कार्य में लापरवाही मानते हुए इस प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। सीईओ ने ग्रेटर नोएडावासियों से सर्वाधिक जरूरत वाले जगहों की लोकेशन पर सुझाव देने की अपील की है।




### एक एफओबी बना, सात और जल्द बनेंगे

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कुल 8 जगहों पर फुटओवर ब्रिज बनवा रहा है। ये 8 फुटओवर ब्रिज सूरजपुर-कासना रोड पर कैलाश अस्पताल के सामने, गामा शापिंग कॉम्प्लेक्स के सामने, ओमेगा शापिंग कॉम्प्लेक्स, दुर्गा टॉकीज जंक्षन, कलेक्ट्रेट के सामने, ग्रेनो वेस्ट में एक मूर्ति गोलचक्कर, निराला एस्टेट टाउनशिप के सामने और सुपरटेक इकोविलेज के सामने बनने हैं। इन 8 में से पांच जगहों पर फुटओवर ब्रिज बनाने के लिए कंपनियों का चयन कर लिया गया है। ये पांच फुटओवर ब्रिज ग्रेटर नोएडा में सूरजपुर-कासना रोड पर कैलाश अस्पताल के सामने, गामा शापिंग कॉम्प्लेक्स के सामने और ग्रेनो वेस्ट में एक मूर्ति गोलचक्कर, निराला एस्टेट टाउनशिप के सामने और सुपरटेक ईको विलेज के सामने बनेंगे। इनमें से एक मूर्ति गोलचक्कर के पास फुटओवर ब्रिज का निर्माण जल्द पूरा भी होने वाला है। बाकी एफओबी बनने हैं। पीपीपी के अंतर्गत डीबीएफओटी (डिजाइन, बिल्ट, फंड, आपरेट एंड ट्रांसफर) के पैटर्न पर बनने वाले इन पांच फुटओवर ब्रिज से प्राधिकरण को हर माह करीब नौ लाख रुपये की आमदनी भी होगी।

# पांच वाणिज्यिक भूखंडों के आवंटन से ग्रेनो प्राधिकरण को मिलेंगे 253 करोड़




### रिजर्व प्राइस से 46 करोड़ रुपये अधिक कीमत बिके ये भूखंड इन भूखंडों पर होटल, मॉल, शोरूम बनने से होगी सुविधा

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वाणिज्यिक निवेशकों के लिए पहली पसंद बना हुआ है। एक साथ 5 वाणिज्यिक भूखंडों के रिजर्व प्राइस से अधिक दरों पर आवंटन से इस बात की पुष्टि होती है। वाणिज्यिक भूखंडों की योजना के अंतर्गत ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को पांच भूखंडों के एवज में रिजर्व प्राइस से 207 करोड़ रुपये मिलने थे, लेकिन बिड होने से लगभग 253 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। इन भूखंडों पर होटल, मॉल, शोरूम, बैंकों की शाखाएं आदि बन सकेंगे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर वाणिज्यिक विभाग की तरफ से बीते 10 नवंबर को 4 एफएआर वाले कॉमर्शियल भूखंडों की स्कीम निकाली थी। पंजीकरण की आखिरी तिथि 01 दिसंबर थी और डॉक्यूमेंट जमा करने की अंतिम तिथि 08 दिसंबर थी। प्राधिकरण की इस योजना के 5 भूखंडों के लिए सोमवार को बिड हुई। ये पांचों भूखंड सेक्टर अल्फा टू में स्थित हैं। इनमें से सी-2, अल्फा टू का एरिया 11,500 वर्ग मीटर का है। इस भूखंड की रिजर्व प्राइस से कीमत लगभग 109 करोड़ रुपये थी। यह भूखंड लगभग 115 करोड़ रुपये में बिका। शेष चारों भूखंड (एसएलसी-3/1, एसएलसी - 3/2, एसएलसी-3/3 और एसएलसी-3/4) 2580-2580 वर्ग मीटर के हैं। इनकी रिजर्व प्राइस के हिसाब से प्रत्येक भूखंड की कीमत 35.28 करोड़ रखी गई।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि ये भूखंड रिजर्व प्राइस से औसतन 40 फीसदी अधिक दर पर बिके हैं। इन चारों में से एक भूखंड 35.98 करोड़, दूसरा 33.28 करोड़, तीसरा 34.26 करोड़ और चैथा भूखंड 34.02 करोड़ रुपये में बिका। इस तरह इन पांच भूखंडों से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को 46 करोड़ रुपये अधिक प्राप्त हुए हैं। इन भूखंडों पर कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनने से आसपास के लोगों को रोजमर्रा के सामान खरीदने की जरूरत भी पूरी हो सकेगी।

# ग्रेनो प्राधिकरण ने बिसरख के पास डूब क्षेत्र में चलाया बुल्डोजर

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बुधवार को बिसरख के पास हिंडन नदी के डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण पर बुल्डोजर चलाया। इस कार्रवाई में 40000 वर्ग मीटर से अधिक जमीन खाली कराई गई। प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि कुछ कालोनाइजर बिसरख के डूब क्षेत्र में जमीन पर अवैध कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। वर्क सर्किल तीन के प्रबंधक प्रषांत समाधिया और सहायक प्रबंधक गौरव बघेल के नेतृत्व में टीम ने बुधवार को मौके पर जाकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। करीब 5 घंटे तक यह कार्रवाई चली। खसरा नंबर 112, 113, 116, 123 व 124 की लगभग 40 हजार वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करा लिया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने चेतावनी दी है कि प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में किसी भी व्यक्ति ने अवैध कब्जे की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने लोगों से अपील की है कि इन कालोनाइजरों के झांसे में आकर अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं। ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित एरिया में किसी भी व्यक्ति को अवैध निर्माण करने की इजाजत नहीं है। ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें।




## कार जलाने वाला सिरफिरा गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)** युवती द्वारा मिलने से इनकार करने पर कार जलाने वाले सिरफिरे आशिक को थाना जारचा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी ने बीते दिनों युवती के घर के बाहर खड़ी कार पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी थी।

थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर कार में आग लगने वाले आरोपी अंकित को गिरफ्तार कर लिया गया है। अंकित ने बीते दिनों एक कार पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी थी।

बता दें कि अंकित के गांव की ही रहने वाली युवती ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। युवती का आरोप था कि अंकित आए दिन उसे परेशान कर मिलने का दबाव बनाता था ।उसने जब मिलने से इनकार कर दिया तो आरोपी ने उसके मोबाइल पर भद्दे-भद्दे मैसेज कर अंजाम भुगतने की धमकी दी। इसके बाद अंकित ने उसके घर के बाहर खड़ी कर में पेट्रोल छिड़क कार में आग लगा दी। आग लगाने के बाद अंकित जब मौके से फरार हो रहा था तो उसे युवती के भाई ने देख लिया था।

## कमर दर्द की शिकार महिला की मौत

**नोएडा (चेतना मंच)** कमर दर्द से निजात पाने के लिए अस्पताल में भर्ती हुई महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि हार्ट अटैक की वजह से महिला की मौत हुई है। सेक्टर-135 की एक सोसाइटी में रहने वाली (30 वर्षीय) शालिनी को कमर दर्द की शिकायत के चलते एजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में भर्ती शालिनी की अचानक हालत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गई। गंभीर हालत को देखते हुए परिजन उसे जेपी अस्पताल लेकर आए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से सूचना मिलने पर थाना एक्सप्रेसवे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी सरिता मलिक ने बताया कि इस संबंध में परिजनों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है। परिजन अगर तहरीर देते हैं तो विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षक की गंदगी हरकत से नाराज होकर मारी थी गोली

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)** साकीपुर गांव में बुधवार को दिन-रात दिनदहाड़े शिक्षक पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस को अहम सुराग हाथ लगे हैं। स्कूल की एक छात्रा के साथ बेड टच करने पर शिक्षक के साथ जानलेवा हमले की घटना को अंजाम दिया गया। थाना सूरजपुर पुलिस ने इस मामले में स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा के रिश्ते के भाई सहित दो युवकों को हिरासत में लिया हुआ है।

बता दें कि बुधवार की सुबह साकीपुर गांव में शिक्षक रकीब हुसैन को दो युवकों ने गोली मार दी थी। शिक्षक ने युवकों के हाथ में तमंचा देखकर बचने की कोशिश की इस कारण्रा गोली कान के पास से लगते हुए निकल गई थी। शिक्षक के भतीजे फारूक की तहरीर पर दो अज्ञात लोगों के खिलाफ थाना सूरजपुर में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस को जानकारी मिली थी कि इस हमले में किसी करीबी का हाथ है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि जांच के दौरान पता चला कि शिक्षक ने स्कूल में पढ़ने वाली एक छात्रा के साथ गंदी हरकत (बेड टच) किया था। छात्रा ने यह बात अपनी बुआ के लड़के के साथ शेयर करी जिसके बाद युवक ने शिक्षक को सबक सिखाने की ठान ली। बुधवार को युवक अपने एक साथी के साथ साकीपुर गांव पहुंचा और स्कूल जा रहे शिक्षक को गोली मार दी। पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया है और पूछताछ कर रही है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**चुनावी बांड...**

सरकार के पास पैसा कहां से आता है और कहां जाता है। कोर्ट ने माना कि गुमनाम चुनावी बांड सूचना के अधिकार और अनुच्छेद 19(1)(ए) का उल्लंघन है। CJI ने फैसला सुनाते हुए कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड के अलावा भी काले धन को रोकने के दूसरे तरीके हैं। अदालत ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड की गोपनीयता 'जानने के अधिकार' के खिलाफ है। राजनीतिक दलों की फंडिंग के बारे में जानकारी होने से लोगों को मताधिकार का इस्तेमाल करने में स्पष्टता मिलती है।

फैसला सुनाते हुए CJI ने कहा कि राजनीतिक दलों की फंडिंग की जानकारी उजागर न करना मकसद के विपरीत है। एसबीआई को 12 अप्रैल 2019 से लेकर अब तक की जानकारी सार्वजानिक करनी होगी। एसबीआई को ये जानकारी चुनाव आयोग को देनी होगी। EC इस जानकारी को साझा करेगा। SBI को तीन हफ्ते के भीतर ये जानकारी देनी होगी।

**हॉस्टल में वार्डन...**

रजत प्रतीक तथा अन्य युवकों ने उसके साथ मारपीट की मारपीट की है। पूरी घटना हॉस्टल के वार्डन के सामने हुई। पीड़ित के मुताबिक 12 फरवरी को रजत प्रतीक और उनके दोस्तों ने उसके साथ दोबारा मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी दी।उसने जब इस बात की शिकायत वार्डन देवराज से की तो उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय उसके साथी मारपीट की। जीत भगत के मुताबिक वार्डन ने उसे हॉस्टल से जबरदस्ती निकाल दिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर वार्डन सहित आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

**19वें फ्लोर से कूदकर....**

ज्वाइन की थी। जमीन पर गिरने की आवाज आने पर मौके पर लोग एकत्रित हो गए। गार्ड ने परिजनों की सूचना दी। इसके बाद उसे घायल अवस्था में जेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। अमित ने आत्महत्या क्यों की है इसके बारे में अभी कोई जानकारी नहीं मिली है। पुलिस परिजनों से इस मामले में पूछताछ कर रही है।

**ई-रिक्शा पलटा...**

को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान ग्राम नोरंगपुर निवासी पवन पुत्र संतरा के रूप में हुई।

वहीं थाना दादरी क्षेत्र के आरबी नॉर्थलैंड स्कूल के पास देर रात्रि अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में बुलंदशहर निवासी कृष्ण कुमार पुत्र मूलचंद शर्मा की मौत हो गई। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया।पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर परिजनों को हद से की सूचना दे दी है।

**दिल्ली से चोरी...**

बाइक के इंजन और चेचिस नंबर को जिपनेट पर डालकर चेक किया गया तो पता चला कि उक्त बाइक के संबंध में दिल्ली में चोरी का मुकदमा दर्ज है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

**पंचतत्व में विलीन....**

पार्टी कार्यालय में उन्हें अचानक ब्रेन हैमरेज हो गया। उन्हें सेक्टर-51 के नियो अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां डाक्टरों ने उनके सिर का आपरेशन किया था। वे एक माह तक कोमा में थे। सुधार न होने पर उन्हें सर गंगाराम अस्पताल भर्ती कराया गया जहां उन्होंने बुधवार को अंतिम सांस ली।

पार्टी में पिछले 11 वर्षों से सक्रिय श्री जादौन दो बार से आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाते रहे। उनके छोटे भाई हरिओम जादौन की 24 अप्रैल 2021 में मृत्यु हो गई थी। वे सेक्टर-51 में रहते थे। अंतिम संस्कार में उनके परिवारीजन के अलावा सैकड़ों लोग मौजूद थे। अंतिम संस्कार में आम आदमी पार्टी पशिचमी प्रांत के प्रांत अध्यक्ष सोमेंद्र ढाका, प्रदेश प्रवक्ता संजीव निगम, यूथ विंग प्रदेश अध्यक्ष पंकज अवाना, बिलासपुर चैयरमैन संजय चेची, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दिलदार अंसारी, नोएडा जिला महासचिव राकेश अवाना,जिला उपाध्यक्ष अनिल चेची ,कैलाश शर्मा,प्रशांत रावत, जिला प्रवक्ता राहुल सेठ, नोएडा विधानसभा अध्यक्ष नितिन प्रजापति, इटावा विधानसभा प्रभारी डा. शिवप्रताप राजपूत,मेरठ जिलाध्यक्ष अंकुश चौधरी, बागपत जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह गाजियाबाद के पूर्व जिलाध्यक्ष चेतन त्यागी, जतन भाटी, राजेश अवाना सहित अन्य राजनीतिक दलों के नेता गमगीन माहौल में शामिल हुए।



# मछली पकड़ने खाड़ी में उतरा युवक, पैर के नीचे आई विशालकाय शार्क



पालघर। महाराष्ट्र के पालघर में शार्क मछली ने एक युवक के पैर में काटकर उसे घायल कर दिया है। यहां ग्राणीण मछली पकड़ने खाड़ी में उतरे थे। इस दौरान एक युवक के पैर के नीचे विशालकाय जीव आ गया। युवक ने देखा तो वह शार्क फिश थी, जिसका वजन करीब 200 किलोग्राम बताया जा रहा है। हालांकि ग्रामीणों ने शार्क को पकड़ लिया, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। शार्क को पकड़ने के दौरान शार्क ने एक युवक के पैर में काट लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। महाराष्ट्र के पालघर में मनोर के पास वैतरना नदी की यह घटना बताई जा रही है। नदी में 32 वर्षीय विक्की सुरेश गोवारी के पैर से शार्क टकरा गई। मनोर ग्राम पंचायत के गायकवाड़ डोंगरी के ग्रामीणों ने करीब 200 किलोग्राम वजनी शार्क को पकड़ लिया। इसके बाद शार्क की मौत हो गई। शार्क के पकड़ने के दौरान शार्क ने विक्की सुरेश गोवारी के पैर में काट लिया, जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। इसके बाद अन्य लोगों ने युवक को तुरंत इलाज के लिए सिलवासा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। गौरतलब है कि इससे पहले रत्नागिरी के गणपतिपुले तट पर 35 फीट लंबा व्हेल का बच्चा फंस गया था। इसे 40 घंटे की मशक्कत के बाद वापस समुद्र में धकेला जा सका था। अधिकारियों ने इसे रेयर रेस्क्यू ऑपरेशन बताया था। अधिकारियों ने बताया था कि करीब चार टन वजन का व्हेल का बच्चा तट पर आ गया था। यहां कम ज्वार की वजह से समुद्र तट पर रेत में फंस गया। पर्यटकों और स्थानीय लोगों ने देखा तो रत्नागिरी पुलिस, तटरक्षक बल समेत अन्य अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद बचाव अभियान चलाया गया। व्हेल के बच्चे को समुद्र की गहराई तक पहुंचाने के लिए अग्निशमन दल, पुलिस और स्थानीय लोगों ने प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी थी। इस दौरान पशु चिकित्सकों की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। टीम ने व्हेल को जिंदा रखने के लिए उसे तरल पदार्थ दिए थे।

# इंडिगो की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस जांच में जुटी

मुंबई। चेन्नई से मुंबई आ रही इंडिगो की एक फ्लाइट को कथित रूप से बम से उड़ाने की धमकी दी गई। विमान के टॉयलेट में टिश्यू पेपर पर धमकी भरा संदेश मिला था पेपर पर लिखा था, अगर मुंबई एयरपोर्ट पर उतरे सभी मारे जाएंगे। मैं आंतकी संगठन से हूं और ये बदला है। इस मामले की पुलिस जांच कर रही है। इंडिगो की फ्लाइट मुंबई एयरपोर्ट पर उतरने वाली थी। 40 किलोमीटर की दूरी पर थी तभी हवाई यातायात नियंत्रण को टॉयलेट में एक टिश्यू पेपर पर फ्लाइट में बम होने की जानकारी मिली। पुलिस के मुताबिक, फ्लाइट के टॉयलेट में टिश्यू पेपर पर धमकी भरा पत्र मिला था। जिसमें लिखा था, मेरे बैग में बम है। कहा जा रहा है कि टॉयलेट में मिले टिश्यू पेपर पर इस प्रकार से धमकी भरा संदेश लिखा था, जिससे फ्लाइट में यात्रियों के बीच डर और अशांति फैल गई। विमान के एयरपोर्ट पर लैंड होते ही आनन-फानन में सभी यात्रियों को नीचे उतारने के बाद विमान की जांच की गई। लेकिन राहत वाली बात रही कि विमान में ऐसा कुछ नहीं मिला। मुंबई एयरपोर्ट पुलिस ने अज्ञात शख्स के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

# गुजरात पुलिस ने दो साल में 5,956 करोड़ रुपये के ड्रग्स जब्त किए, सरकार ने विधान सभा में दी जानकारी

गांधीनगर। गुजरात पुलिस ने पिछले दो वर्षों के दौरान 5,956 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए हैं और मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल 48 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। राज्य सरकार ने बुधवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। मादक पदार्थ के मुद्दे पर विधानसभा में तीखी बहस के दौरान गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने विपक्षी कांग्रेस से इस मामले पर राजनीति बंद करने को कहा। इस दौरान मंत्री ने कांग्रेस द्वारा केवल कच्छ में अदानी समूह द्वारा संचालित मुंद्रा बंदरगाह का उल्लेख करने पर भी सवाल उठाया। मुद्रा बंदरगाह में 2021 में केंद्रीय एजेंसियों ने अफगानिस्तान से आयातित दो कंटेनरों से 20,000 करोड़ रुपये मूल्य की 3,000 किलोग्राम हेरोइन जब्त की थी। प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक गेनीबेन ठाकोर ने जानना चाहा कि क्या राज्य सरकार 2021 में बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की जब्ती के मद्देनजर मुंद्रा बंदरगाह पर परिचालन संभालने वालों को गिरफ्तार करना चाहती है। इसके जवाब में सांघवी ने कहा कि मुंद्रा एकमात्र बंदरगाह नहीं है जहां से गुजरात पुलिस ने मादक पदार्थ जब्त किए हैं।

# पूनम को महंगा पड़ा मौत का भ्रम फैलाना, 100 करोड़ की मानहानि

मुंबई। सर्वाइकल कैंसर के चलते पूनम पांडे की मौत की खबर हाल ही में हर जगह चर्चा का विषय रही। बाद में पूनम पांडे ने सोशल मीडिया पर आकर बताया कि वह जिंदा हैं तो लोगों ने उन्हें जमकर खरी खोटी सुनाई। अपनी मौत का झूठी खबर उड़ाने के बाद अब पूनम पांडे और उनके पति सैम बॉम्बे मुश्किल में पड़ते नजर आ रहे हैं। मुंबई के रहने वाले फैजान अंसारी ने कानपुर पुलिस कमिश्नर के साथ 100 करोड़ रुपये का मानहानि का मामला दर्ज कराया है। मालूम हो कि पूनम पांडे की मौत का ड्रामा खत्म होने के बाद एक्ट्रेस को जमकर लताड़ा गया था। ऑल इंडिया सिने वर्कर्स असोसिएशन ने बयान जारी करते हुए एक्ट्रेस के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने की अपील की थी। सेलेब्रिटीज से लेकर डॉक्टर्स और राजनेताओं तक ने पूनम पांडे द्वारा रचे गए इस पब्लिसिटी स्टंट की निंदा की थी और उनके अच्छे दोस्त मुनव्वर फारूकी ने कहा था कि इस तरह से अवेयरनेस नहीं फैलाई जाती है। अपनी एफआईआर में फैजान अंसारी ने आरोप लगाया है कि पूनम पांडे और उनके पति सैम बॉम्बे ने पब्लिसिटी पाने के लिए कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को लेकर लोगों में सीरियसनेस घटाने और अपनी मौत की झूठी खबर का ड्रामा खड़ा करने का काम किया है। फैजान ने लिखा है कि पूनम पांडे ने अपनी इन हरकतों से ना सिर्फ करोड़ों भारतीय का विश्वास तोड़ा है बल्कि बॉलीवुड के बेहिसाब लोगों की छवि को भी खराब करने का काम किया है। क्योंकि पूनम पांडे कानपुर की रहने वाली हैं इसलिए फैजान ने लिखा है कि वो खुद सिविल लाइन्स कानपुर कोर्ट पहुंचकर पूनम और उनके पति सैम बॉम्बे के खिलाफ 100 करोड़ रुपये का मानहानि का मामला दर्ज करा रहे हैं जिसकी एक कॉपी उन्होंने कानपुर पुलिस कमिश्नर को भी दी है। फैजान ने अपनी एफआईआर कॉपी में पूनम पांडे के खिलाफ तुरंत अरेस्ट वारंट जारी करने की अपील की है।



# जेल के अंदर रहकर भी मुझे परेशान कर रहा ठग सुकेश चंद्रशेखर : जैकलीन

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस लंबे समय से अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं। जैकलीन फर्नांडिस का नाम कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़ रहा है, इसकारण वह कानूनी पचड़े में फंसे हुईं हैं। बीते दिनों ही ईडी ने कहा था कि जैकलीन सुकेश की 200 करोड़ की ठगी में बराबर की हिस्सेदार थीं। इन दावों के बीच जैकलीन फर्नांडिस ने पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा के पास कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर के खिलाफ शिकायत दर्ज करवा दी है। जैकलीन का दावा है कि जेल में रहने के बावजूद सुकेश उन्हें लगातार परेशान कर कर धमकी दे रहा है। वह लगातर जैकलीन को पत्र लिखकर अपनी भावनाएं बयां करते रहते हैं। इससे परेशान होकर अभिनेत्री ने शिकायत की है। रिपोर्ट के मुताबिक जैकलीन ने हाल ही में पुलिस कमिश्नर अरोड़ा को एक पत्र लिखा है। उन्होंने गवाह की सुरक्षा में सिस्टम की तरफ से विफलता पर भी चिंता जाहिर की है। जैकलीन ने पुलिस कमिश्नर से उनकी सुरक्षा के लिए फौरन कार्रवाई करने की मांग की है।

# जनता को परेशान करके सरकार पर दवाब बनाने का प्रयास है किसान आंदोलन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** किसान आंदोलन के बहाने कथित किसान आम जनता को परेशान करके सरकार पर दवाब बनाने की कोशिश कर रहे हैं। जगह जगह जाम लगे हुऐ हैं। जनता का रास्ता बंद हो गया है और तीनों सीमाओं पर पुलिस और किसान आमने सामने आ गए है। कब क्या हो जाए कोई नहीं जानता। किसानों को मनाने के लिए दो बार सरकार के साथ बैठकें हो गई हैं लेकिन नई नई मांगे जोड़ने के कारण समाधान नहीं निकल पा रहा है। दूसरी बात ये है कि कई मांगे ऐसी हैं जिन्हे तत्काल पूरा नहीं किया जा सकता है। ऐसे में लोगों का मानना है कि ये आंदोलन करने वाले मांगों के बहाने आम जनता को जबरियां परेशानी में डाल रहे हैं। मंगलवार को सरकार ने कह दिया है कि वह बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन किसानों को लगातार नई मांगों को जोड़ने से बचना चाहिए। हालांकि, खबरें हैं कि सरकार ने किसानों की कुछ मांगों को मान लिया है। इसमें पिछले आंदोलन के दौरान दर्ज मामलों को तय प्रक्रिया के बाद वापस लेना शामिल है।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, अगर आप भारत को डब्ल्यूटीओ से अलग होने, मुक्त व्यापार समझौते खत्म करने की बात करोगे, अगर आप स्मार्ट मीटर लगवाना बंद करने की मांग करोगे और कहोगे कि हमें पराली जलाने के मुद्दे में शामिल नहीं करो या कृषि को जलवायु मुद्दे से बाहर रखने के लिए कहोगे, तो ये एक दिन में लिए जाने वाले फैसले नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा, इसके लिए हमें अन्य हितधारकों और राज्यों से बात करनी होगी। यही वजह है कि सरकार ने एक समिति गठित करने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने बताया कि बीते दस सालों में किसानों के लिए कल्याण के लिए कई योजनाएं लाई गई हैं। उन्होंने कहा, इसलिए बातचीत के दौरान पहले उठकर नहीं जाते हैं, लेकिन प्रदर्शनकारी निकल जाते हैं। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि एमएसपी को और असरदार और पारदर्शी बनाने के लिए साल 2022 में गठित समिति के लिए संयुक्त किसान मोर्चा ने प्रतिनिधियों का नाम नहीं दिया था।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा, चंडीगढ़ में दो चरण की बातचीत के बाद हमने उनकी कई मांगें मान ली हैं, लेकिन कुछ मुद्दों पर समझौता नहीं हो पाया है। बातचीत जारी है। खबर है कि किसानों के खिलाफ दर्ज कई मामलों को बीते दो सालों में वापस ले लिया गया है। 2020-21 में किसानों ने तीन कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन किया था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बातचीत करने की आवश्यकता है। सरकार किसानों के हितों की रक्षा करने के लिए बाध्य है। उन्होंने कहा कि जनता को परेशानी में नहीं डालना चाहिए और किसान संगठनों को इसे समझना चाहिए। मुंडा ने कहा कि सरकार बातचीत के लिए तैयार है। किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कई पक्ष से बात करनी होगी। उसके बाद किसान संगठनों के साथ भी बात होगी। इसके अलावा अनुकूल और प्रतिकूल विषयों पर भी चर्चा करनी होती है जिससे व्यापक हित को देखा जा सके। उन्होंने कहा कि किसानों को इसे समझने की जरूरत है।

# किसानों की मांग पर गंभीरता से विचार करे केंद्र : मायावती



लखनऊ। एमएसपी को लेकर कानून बनाने और अन्य मांगों को लेकर किसानों का आंदोलन दिल्ली की सीमाओं पर जारी है। इस लेकर बसपा अध्यक्ष और पूर्व सीएम मायावती ने केंद्र सरकार को गंभीरता से लेने की बात कही। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि मोदी सरकार को किसानों की मांगों को गंभीरता से लेना चाहिए और उनके खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय केंद्र को किसानों को बातचीत करनी चाहिए। मायावती ने लिखा, मोदी सरकार भारत को अन्न के मामले में आत्मनिर्भर बनाने वाले मेहनतकश किसानों की मांगों को गंभीरता से ले और उन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करके उनका समय से समुचित समाधान करे, ताकि अन्नदाता किसानों को अपनी मांगों के समर्थन में बार-बार आंदोलन के लिए मजबूर न होना पड़े। मायावती ने कहा कि यदि केंद्र दिल्ली चलो' आंदोलन में शामिल किसानों पर सख्ती करने के बजाय उनसे वार्ता करके प्रदर्शन को समाप्त कराने का प्रयास करती है, तब यह बेहतर होगा।

# 'पश्चिम बंगाल में जंगलराज', बीजेपी का आरोप-टीएमसी के गुंडों के टेप से बंद है ममता बनर्जी का मुंह



**कलकत्ता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर भाजपा ममता बनर्जी की सरकार पर जबरदस्त तरीके से हमलावर है। वहां लगातार छठे दिन प्रदर्शन हो रहा है। मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा संदेशखाली में सीआरपीसी की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा की घोषणा को रद्द करने के बाद राज्य सरकार ने संदेशखाली के कुछ हिस्सों में धारा 144 फिर से लागू कर दी। भाजपा ने एक बार फिर से ममता बनर्जी और उनकी सरकार पर निशाना साधा है।

भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हमारी जनजातीय बहनों (खासकर हिंदू बहनों) के साथ टीएमसी के गुंडे दिनदहाड़े शोषण और बलात्कार कर हैं और सूबे की मुख्यमंत्री मूकदर्शक बनी हुई हैं, ये बहुत ही चिंताजनक है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि ममता सरकार बलात्कारियों को संरक्षण दे रही है। पश्चिम बंगाल में जंगलराज चल रहा है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में जंगलराज लोगों के उत्पीड़न और शोषण का बेशर्म अड्डा बन गया है। हमारी बहनों के साथ बलात्कार और दुर्व्यवहार हो रहा है, लेकिन ममता दीदी मूकदर्शक बनकर खड़ी हैं! टीएमसी के गुंडों के 'टेप' से ममता का मुंह बंद है।

गौरव भाटिया ने कहा कि निश्चित रूप से, पश्चिम बंगाल राज्य में अराजकता की स्थिति के अलावा और कुछ नहीं है। वहां 'क़ानून का राज' नहीं, बल्कि अराजक शासक ममता बनर्जी का 'क़ानून' चलता है। उन्होंने कहा कि एक तरफ मोदी सरकार जनजातीय समुदाय को मजबूत कर रही है, मुख्यधारा से जोड़ रही है, उनका सशक्तिकरण कर रही है। दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल में गैरकानूनी तरीके से जबरन जनजातीय समुदाय की जमीनें छीनी जा रही है। सवाल ये है कि ममता बनर्जी को जनजातीय समुदाय, पिछड़े और दलित समाज से इतनी नफरत क्यों है?

भाजपा नेता ने कहा कि जिन महिलाओं का शोषण किया गया, जिनके साथ बलात्कार हुआ, उनके परिजनों के खिलाफ ही एफआईआर दर्ज कर दी गई, ताकि डरा-धमकाकर इस मामले को दबा दिया जाए। ममता बनर्जी महिला मुख्यमंत्री होते हुए भी बंगाल में टीएमसी के गुंडों को महिलाओं के खिलाफ अत्याचार करने की छूट दे रखी है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक जिम्मेदार पार्टी है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि किसी महिला ने किस पार्टी को वोट दिया है, यह हर उस महिला की लड़ाई है जिसने संविधान में अपना विश्वास बनाए रखा है। एक तरफ मोदी सरकार आदिवासी समुदाय को मजबूत कर रही है, उन्हें मुख्यधारा से जोड़ रही है और उन्हें सशक्त बना रही है।

# चव्हाण के भाजपा में पहुंचते ही उठा सवाल- क्या आदर्श घोटाले के दाग भाजपा की बाशिंग मशीन में धुल जाएंगे



**मुंबई (एजेंसी)।** राजनीति भी बड़ी निराली है, इस कोठरी में लगे दाग आसानी से जाते नहीं है। सभी आरोपों से मुक्ति मिल सकती है लेकिन सियासी दाग यदाकदा दिखाई देते ही हैं। कांग्रेस में 40 साल बिताने के बाद भाजपा का दामन थाम चुके महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण पर लगे आदर्श हाउसिंग घोटाले के आरोप, उनका पीछा नहीं छोड़ रहे हैं। भाजपा ज्वाइन करने के बाद ही सवाल उठने लगे कि क्या भाजपा की वॉशिंग मशीन में आदर्श हाउसिंग घोटाले के दाग निकल जाएंगे। इस सवाल का जवाब भाजपा की तरफ से तो नहीं आया, लेकिन खुद चव्हाण ने एक एक बात सबके सामने रख दी। अशोक चव्हाण का कहना है कि इस मामले में हाई कोर्ट का फैसला उनके पक्ष में आया था। उन्होंने कहा, बॉम्बे हाई कोर्ट ने इस मामले में फैसला मेरे पक्ष में दिया था। यहां तक कि यह मामला एक राजनीतिक हादसे की तरह था। कुछ एजेंसियों ने इस मामले में फैसले पर सवाल भी उठाए थे। मुझे इसके चलते काफी परेशानी उठानी पड़ी है। अब मुझे लगता है कि यह कोई मुद्दा ही नहीं है। यह सब बंद होना चाहिए। वहीं उन्हें पार्टी में एंट्री दिलाते हुए राज्य के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि अशोक चव्हाण का कद राष्ट्रीय स्तर का है। इसलिए उनकी भूमिका कोई हाईकमान द्वारा ही तय किया जाएगा। फडणवीस ने कहा कि देश भर में तमाम नेता भाजपा जॉइन कर रहे हैं। अशोक चव्हाण ने हमसे कहा था कि वह पार्टी में बिना शर्त आना चाहते हैं। उनका कहना था कि मैं किसी पद के लिए नहीं आ रहा हूं बल्कि देश के लिए योगदान देना चाहता हूं। अशोक चव्हाण का पहले गुरुवार को ही भाजपा में आने का प्लान था, लेकिन इस कार्यक्रम को दो दिन पहले ही कर लिया गया। इसकी वजह यह है कि अशोक चव्हाण को राज्यसभा भेजा जा रहा है और पहले ही जॉइन करा लिया है तो उनको नामांकन के लिए वक्त मिल सकेगा।

## हाईकोर्ट की जमीन पर आप का कब्जा, सुप्रीम कोर्ट भी हैरान




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में आम आदमी पार्टी का दफ्तर हाईकोर्ट की जमीन पर बना हुआ है। 2016 से चल रहे इस दफ्तर को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने भी हैरानी जताई है। कोर्ट ने कहा कि यह हैरानी वाली बात है कि दिल्ली हाई कोर्ट की जमीन पर किसी राजनीतिक पार्टी का ऑफिस चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली हाई कोर्ट को उनकी जमीन वापस कर दी जाए। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच ने कहा कि राजनीतिक दल इस मामले पर चुप कैसे बैठ सकता है। हाई कोर्ट जमीन का इस्तेमाल केवल जनता और नागरिकों की भलाई के लिए ही करेगा। देश भर के कोर्ट के न्यायिक बुनियादी ढांचे के मुद्दे पर सुनवाई के दौरान वकील के परमेश्वर ने पीठ को बताया कि दिल्ली हाई कोर्ट के अधिकारी जो जमीन पर कब्जा लेने गए थे, उन्हें आप के अधिकारियों ने रोक दिया था।

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव, दिल्ली लोक निर्माण विभाग के सचिव और वित्त सचिव को निर्देशों का पालने करने के लिए हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के साथ एक बैठक करने का भी निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने अब आगे की सुनवाई के लिए 19 फरवरी की तारीख तय की है। सुप्रीम कोर्ट पहले भी बुनियादी परियोजनाओं में फंड में देरी करने के लिए दिल्ली सरकार को फटकार लगा चुका है। दिल्ली सरकार के कानून सचिव भरत पाराशर ने सुप्रीम कोर्ट को यह भी बताया कि यह जमीन आम आदमी पार्टी के पास साल 2016 से है। उन्होंने आगे कहा कि यह एक बंगला था जिस पर एक मंत्री ने कब्जा कर लिया था और बाद में राजनीतिक पार्टी ने कब्जा कर अपना ऑफिस बना लिया। सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार की तरफ से पेश वकील को यह बताने के लिए कहा कि हाई कोर्ट की जमीन को कैसे वापस किया जाए।

# मेरी मौत हुई तो मराठा, महाराष्ट्र को उसी तरह जला देंगे जैसे हनुमान ने लंका जलाई थी: मनोज जरांगे



**जालना (एजेंसी)।** मराठा आरक्षण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन कर रहे कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने राज्य सरकार को बुधवार को चेतावनी दी कि यदि भूख हड़ताल के दौरान उनकी मौत हो जाती है तो मराठा समुदाय के सदस्य महाराष्ट्र को उसी तरह आग लगा देंगे, जैसे भगवान हनुमान ने लंका जलाई थी। जरांगे के एक नजदीकी कार्यकर्ता ने बताया कि जरांगे का अनिश्चितकालीन अनशन बुधवार को पांचवें दिन भी जारी है जिसके कारण उनका स्वास्थ्य खराब हो रहा है लेकिन वह चिकित्सकों को अपनी जांच नहीं करने दे रहे।

जरांगे मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समूह में शामिल करने की मांग को लेकर महाराष्ट्र के जालना जिले में अपने पैतृक गांव अंतरवाली सरती में अनिश्चितकालीन अनशन कर रहे हैं। कार्यकर्ता किशोर मरकड ने जरांगे के स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में कहा, ''जरांगे का अनिश्चितकालीन अनशन पांचवें दिन भी जारी है और उनका स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। उनकी नाक से खून बह रहा है, लेकिन वह चिकित्सकों को अपनी जांच नहीं करने दे रहे।''

उन्होंने कहा कि वह न तो पानी पी रहे हैं और न ही दवाएं ले रहे हैं। जरांगे ने मांग की है कि कुनबी मराठा समुदाय के 'सगे-संबंधियों' से जुड़ी मसौदा अधिसूचना को कानून में बदलने के लिए महाराष्ट्र विधानमंडल का एक विशेष सत्र बुलाया जाए। जरांगे ने प्रदर्शन स्थल पर संवाददाताओं से कहा, ''रामायण में भगवान हनुमान ने पूंछ से लंका में आग लगा दी थी। अगर मैं इस प्रदर्शन के दौरान मर गया तो मराठा, महाराष्ट्र को लंका बना देंगे।'' उन्होंने यह भी धमकी दी कि महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कोई भी सार्वजनिक सभा नहीं होने दी जाएगी।

उन्होंने मराठा समुदाय के सदस्यों से बुधवार को जालना में मराठा संगठनों द्वारा बुलाए गए शांतिपूर्ण 'बंद' में शामिल होने की अपील की। जरांगे ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्रियों देवेन्द्र फडणवीस एवं अजित पवार पर 'सगे-संबंधियों' से जुड़ी मसौदा अधिसूचना को लागू नहीं करके और पिछले साल आंदोलन के दौरान मराठा प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दायर मामलों को वापस नहीं लेकर मराठा समुदाय को धोखा देने का आरोप लगाया।

उन्होंने आरोप लगाया कि अजित पवार मंत्री और वरिष्ठ राकांपा (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी) नेता छगन भुजबल का समर्थन कर रहे हैं जबकि भुजबल मराठा समुदाय को ओबीसी श्रेणी में शामिल करने के खिलाफहैं। यह एक साल से भी कम समय में चौथी बार है जब जरांगे मराठा समुदाय को ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) समूह के तहत शामिल करने की मांग को लेकर भूख हड़ताल कर रहे हैं।

# बिजली, आंधी-तूफान के साथ तेज बारिश की आशंका

**-दिल्ली समेत कई राज्यों में आईएमडी का अलर्ट, ओलावृष्टि के आसार**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर समेत कई राज्यों में बिजली, आंधी-तूफान के साथ तेज बारिश की आशंका है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि कई जगह ओले गिरने के भी आसार है, इसके मद्देनजर सावधान रहने की जरूरत है। हालांकि आने वाले दिनों तापमान में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। लेकिन फिलहाल मौसम ठंडा बना हुआ है। पहाड़ी राज्यों हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में आज (14 फरवरी) को बर्फबारी की संभावना है। उत्तर भारत समेत देशभर में मौसम आंख-मिचौली खेल रहा है। मौसम विभाग ने आज यानी बुधवार को उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड में तेज हवा और बारिश की बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। आईएमडी का कहना है कि आज पूर्वी भारत के अलग-अलग स्थानों पर ओलावृष्टि के साथ तूफान आने का अनुमान है।

राजधानी दिल्ली में बुधवार को हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। यहां मंगलवार सुबह पारा 11 डिग्री सेल्सियस पर था और शहर के कुछ हिस्सों में थोड़ी धुंध छा गई। जबकि दिल्ली-एनसीआर में आने वाले दिनों आसमान साफ रहने की उम्मीद है और तापमान में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। इस हफ्ते दिल्ली में न्यूनतम तापमान 8 से 10 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। दिल्ली में मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 327 बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। आईएमडी के अनुसार उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम में तेज हवाएं चलेंगी तथा बारिश की बौछारें भी पड़ेंगी। कुछ स्थानों पर बिजली गिरने की आशंका है।

वहीं अगर पहाड़ी राज्यों की बात करें तो हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी होने की संभावना बन रही है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटों के दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में हल्की से मध्यम बारिश के साथ ओलावृष्टि का अनुमान लगाया गया है। इसके अलावा पूर्वोत्तर मध्य प्रदेश, उत्तरी छत्तीसगढ़ और झारखंड में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इधर तमिलनाडु में भी हल्की बारिश का अनुमान लगाया जा रहा है।



## टॉपले सहित कई दिग्गज पाक सुपर लीग में नजर नहीं आयेंगे

**कराची ।**




पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) को करार झटका लगा है। इसका कारण है कि कुछ क्रिकेट बोर्ड ने अपने खिलाड़ियों के दूसरे देशों में घरेलू टी20 लीग खेलने पर रोक लगा दी है। वहीं कई क्रिकेरों ने चोटिल होने के कारण पीएलएल में नहीं खेलने का फैसला किया है। पीएसएल 17 फरवरी से लाहौर में शुरू हो रहा है। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रीस टॉपले चोटिल होने के कारण ट के कारण टूर्नामेंट से बाहर होने वाले नये खिलाड़ी हैं। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने भी कहा कि उसने टॉपले को पीएसएल में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी नहीं किया है। कुछ अन्य बोर्ड भी पीएसएल के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र देने से इंकार कर दिया है। वहीं दक्षिण अफ्रीका के लुंगी एनगिडी पेशावर जाल्मी की ओर से नहीं खेल पायेंगे। इसके अलावा क्वेटा ग्लैडिएटर्स को श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा के बिना ही मैदान में उतरना होगा। वेस्टइंडीज के क्रिकेटर शाई होप, मैथ्यू फोर्ड और अकील हुसैन के साथ दक्षिण अफ्रीका के तबरेज शमशी और रासी वान डेर डुसेन भी पीएसएल के आगामी सत्र में नहीं खेलेंगे। इंग्लैंड के जेम्स विंस और अफगानिस्तान के नूर अहमद तथा नवीन उल हक भी इस पूरे टूर्नामेंट में नजर नहीं आयेंगे। कई दिग्गजों के बाहर रहने के कारण पीएसएल की एक फ्रेंचाइजी के मालिक ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से इस टूर्नामेंट के आयोजन का समय बदलने को कहा है।

# सिंधु ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में जीत के साथ वापसी की

**नई दिल्ली ।**

भारत की महिला बैडमिंटन स्टार ने पीवी सिंधु ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) से शानदार वापसी करते हुए महिला एकल में चीन की हेन युई को 40 मिनट में 21-17 21-15 से हराकर भारतीय टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इससे भारतीय टीम ने चीन की मजबूत टीम को 3-2 से हराया। इस चैम्पियनशिप में केवल दो टीम होने के कारण भारत की नॉकआउट में जीत तय थी पर टीम ने शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन को हराकर शानदार तरीके से इसमें जगह बनायी।वहीं इसके बाद भारत की ही तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी को ल्यु शेंग शु और टेन निंग की जोड़ी को 19-21 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की ही अस्मिता चालिहा भी चीन की वैंग झी यी के खिलाफ 13-21 15-21 से हार गई जिससे तीन मैच के बाद भारतीय टीम 1-2 से पीछे हो गयी। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने इसके बाद ली यी जिंग और लुओ शू मिन की जोड़ी को एक घंटे और नौ मिनट में 10-21 21-18 21-17 से हराकर भारतीय टीम को बराबरी पर ला दिया। निर्णायक मुकाबले में भारत की अनमोल खरब ने वू लियो यू को एक घंटे और 17 मिनट में 22-20 14-21 21-18 से हराकर भारत की जीत पक्की की।




# भारतीय महिलाओं ने चीन को अपसेट किया; पुरुषों ने हांगकांग को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया

**शाह आलम (मलेशिया)**

भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने बुधवार को यहां बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर शक्तिशाली चीनी खिलाड़ियों को हराया, जबकि पुरुषों ने हांगकांग को हराया और क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु के नेतृत्व में महिलाओं ने टीम स्पर्धा में पहली बार चीन को हराया, जिसमें किशोर नवोदित अनमोल खरब ने प्रेरणादायक प्रदर्शन किया और ग्रुप डब्ल्यू में भारतीय के पक्ष में 3-2 की स्कोर लाइन सुनिश्चित की। बाद में, पुरुष टीम ने हांगकांग को 4-1 से हराकर ग्रुप ए से शीर्ष दो में जगह पक्की कर ली। सिंधु ने पिछले अक्टूबर में चोट के कारण फ्रेंच ओपन के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धी बैडमिंटन में वापसी की। सिंधु ने दिखाया कि वह न केवल अपनी फॉर्म हासिल कर रही है बल्कि अपना आत्मविश्वास भी हासिल कर रही है क्योंकि उसने हान यू के खिलाफ शुरुआती गेम आसानी से जीत लिया और फिर अगले 13 में से 11 अंक जीतकर 10-13 से पिछड़ने के बाद भारत को 21-17,21-15 से जीत के साथ बढ़त दिला दी। हालाँकि, चीनी टीम ने तेजी से स्कोर 1-1 से बराबर कर लिया क्योंकि युगल जोड़ी अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो 19-21, 16-21 के स्कोर के साथ सीधे गेम में हार गईं। तीसरे मुकाबले में अश्मिता चालिहा को ज़ी यी वांग से 13-21, 15-21 के स्कोर के साथ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। इससे चीन मुकाबले में जीत सुनिश्चित करने के लिए अनुकूल स्थिति में आ गया। ऑल इंग्लैंड सेमीफाइनलिस्ट ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने विश्व नंबर 22 ली यी जिंग और लुओ जू मिन को एक घंटे और नौ मिनट में 10-21, 21-18, 21-17 से हराकर बराबरी हासिल की। तब सभी की निगाहें राष्ट्रीय चैंपियन अनमोल पर टिक गयीं, जो पहली बार प्रतियोगिता में खेल रही थीं। एक करीबी मुकाबले वाले शुरुआती गेम में, किशोरी ने वू लुओ यू के दबाव में अपना दूसरा गेम प्वाइंट बदला और पहला गेम जीत लिया। ऐसा लग रहा था कि अनमोल पर दबाव बढ़ रहा था क्योंकि वह दूसरा गेम हार गई और तीसरे की शुरुआत में 1-5 से पिछड़ गई। हालाँकि, वह शटल को खेल में बनाए रखने के अपने गेम प्लान पर कायम रही और मैच को 22-20, 14-21, 21-18 से समाप्त कर दिया। ग्रुप डब्ल्यू में सिर्फ दो टीमों के साथ, भारत शीर्ष टीम के रूप में क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेगा। टीम की जीत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, टीम को चीन को हराते देखना एक विशेष एहसास है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि हमने टीम का चयन करते समय युवाओं पर भरोसा दिखाया और मुझे खुशी है कि उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। पुरुष टीम स्पर्धा में, भारतीय टीम ने शुरुआती पुरुष एकल मैच में एचएस प्रणय की हार को पीछे छोड़ते हुए हांगकांग को काफी आसानी से हरा दिया। गुरुवार को ग्रुप विजेता का फैसला करने के लिए उनका सामना चीन से होगा। शुरुआती मुकाबले में प्रणय को एनजी का लॉन्ग एंगस के हाथों 18-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। फिर, दुनिया नंबर 1 पुरुष जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने लुई चुन वाई और येंग शिंग चोई पर 21-16, 21-11 से जीत के साथ बदलाव की शुरुआत की, इससे पहले लक्ष्य सेन ने चान यिन चक को 21-14, 21-9 और एक अन्य पुरुष जोड़ी एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने चाउ हिन लॉन्ग और हंग कुई चुन को 21-12, 21-7 से हराकर भारत को अजेय बढ़त दिला दी ।



## केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुडापेस्ट को शतरंज ओलंपियाड मशाल सौंपी

**नई दिल्ली**

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार, को शतरंज ओलंपियाड के 45वें संस्करण के आधिकारिक मेजबान बुडापेस्ट को शतरंज ओलंपियाड मशाल सौंपी। बता दें कि 19 जून 2022 को दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक समारोह में प्रथम शतरंज ओलंपियाड मशाल रिले की शुरुआत की गई थी। हैंडऑफ़ समारोह दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में हुआ, जहाँ खेल मंत्री ठाकुर ने ओलंपियाड मशाल फिडे अध्यक्ष अरकडी ड्वोर्कोविच और बुडापेस्ट को सौंपने से पहले भारतीय ग्रैंड मास्टर विश्वनाथन आनंद के साथ फिडे अध्यक्ष और हंगेरियन ग्रैंड मास्टर जुडिट पोल्गार के खिलाफ शतरंज का एक दोस्ताना खेल भी खेला।कार्यक्रम के दौरान, अनुराग ठाकुर ने कहा, मुझे खुशी है कि हमने कुछ साल पहले जो फैसला किया था (शतरंज ओलंपियाड मशाल रिले का) वह वास्तव में हुआ और मैं यहां शतरंज ओलंपियाड के लिए मशाल के हैंडऑफ समारोह में हूं।उन्होंने आगे कहा, शतरंज एक बौद्धिक विरासत है जो भारत शायद दुनिया को प्रदान करता है, और यह केवल एक खेल नहीं है, बल्कि रणनीतिक गहराई और दार्शनिक ज्ञान का प्रतिबिंब है। यह शानदार खेल न केवल दिमाग को तेज करता है बल्कि धैर्य और लचीलेपन का अमूल्य सबक भी सिखाता है, साथ ही व्यक्ति को रणनीतिक महारत की बौद्धिक खोज के मार्ग पर ले जाता है। शतरंज ओलंपियाड का 44वां संस्करण वर्ष 2022 में चेन्नई में आयोजित किया गया था। उस समय वैश्विक आयोजन में 2500 से अधिक खिलाड़ियों और 7000 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया था। फीडे शतरंज ओलंपियाड का अगला संस्करण अब इस साल हंगरी के बुडापेस्ट में होगा और इसकी आधिकारिक घोषणा जल्द ही की जाएगी।

## पेरिस ओलंपिक पदकों में मिला है एफिल टावर का लोहा

**पेरिस ।**

2024 पेरिस ओलंपिक खेलों और पैरा-ओलिम्पिक खेलों के पदकों में इस बार पेरिस के मशहूर एफिल टावर के एक हिस्से को भी दिखाया है। 20वीं शताब्दी में एफिल टावर के नवीकरण के दौरान इससे कुछ धातुओं को हटाकर संभाल लिया गया था। अब इन धातुओं का इस्तेमाल पदकों में किया जाएगा। वहीं इससे पहले पदकों में यूनान की देवी की प्रतिमा और एक्रोपोलिस दिखते रहे हैं। ओलंपिक खेलों के लिए कुल 5084 पदक बनाए गए हैं। इसमें पदकों के एक ओर एक्रोपोलिस और दूसरी ओर एफिल टॉवर दिखेगा। एक खिलाड़ी ने कहा कि पदकों के डिजाइन में पेरिस की झलक नजर आयेगी। ओलिम्पियन और पैराओलिम्पियनों के लिए समान पदक रखे जाएंगे। इसमें एफिल टॉवर के अमूल्य लोहे का एक टुकड़ा शामिल किये जाने की मांग उठी थी जो पूरी हुई है। पदक में हम फ्रांस का प्रभाव दिखाना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि पदक एक आभूषण की तरह नजर आये। वहीं पैरालिम्पिक खेलों में 20 बार की स्वर्ण पदक विजेता तैराक बीट्राइस हेस ने कहा कि एक फ्रांसीसी व्यक्ति के रूप में, ये पदक देखकर हमें गर्व होता है। मुझे लगता है कि अगर हम घरेलू धरती पर पदक जीतते हैं तो वे हमारे लिए और भी अधिक मूल्यवान होंगे। 2021 के यूरोपीय कुश्ती चैंपियन कौम्बा लारोक ने कहा कि यह एक बड़ी प्रेरणा है, मैं बहुत मेहनत कर रहा हूं। उन पदकों को करीब से देखकर मुझे अपनी उंगलियों से अपने लक्ष्य तक पहुंचने और छूने की इच्छा होती है। आयोजन समिति के अध्यक्ष टोनी एस्टांगुएट ने कहा कि इन पदकों को अलग बनाने के लिए सोने, चांदी और कांस्य जैसी धातुओं के साथ ही एफिल टॉवर की सबसे कीमती धातु भी मिलायी गयी है। वहीं पैरालिम्पिक पदकों में नीचे से एफिल टॉवर का दृश्य दिखाई देता है और उन पर ब्रेल लिपि में पेरिस 2024 अंकित है।

# यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने भारतीय कुश्ती संघ पर लगा प्रतिबंध हटाया

### प्रदर्शनकारी पहलवानों पर कार्रवाई न करने को कहा

**नई दिल्ली ।**

यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) पर लगाये अस्थाई निलंबन को हटा दिया है। इससे अब भारतीय पहलवान भी अपने ध्वज तले विश्व की कुश्ती प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेंगे।

विश्व कुश्ती की शीर्ष संस्था ने इसके साथ ही डब्ल्यूएफआई से कहा कि वह प्रदर्शन करने वाले पहलवानों बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं करे। इससे पहले गत वर्ष डब्ल्यूएफआई के तय समय पर चुनाव नहीं करा पाने के कारण ही विश्व कुश्ती संस्था ने उसे अस्थाई रुप से निलंबित कर दिया था। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने कहा कि उसने निलंबन की समीक्षा करने के बाद उसे हटाया है पर कहा कि डब्ल्यूएफआई को उसे लिखित में देना होगा कि डब्ल्यूएफआई की सभी प्रतियोगिताओं विशेष कर ओलंपिक खेलों के ट्रायल्स तथा अन्य प्रमुख राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए पहलवानों के चयन में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होगा।

इस बयान में कहा गया कि जिन खिलाड़ियों के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा उनमें वह तीन पहलवान भी शामिल है जिन्होंने पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारी पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ यौन उत्पीड़न और भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर विरोध प्रदर्शन किया था। इसके बाद भारतीय कुश्ती महासंघ को निलंबित कर दिया गया था। प्रतिबंध हटने से अब भारतीय पहलवान भी विश्व संस्था की अगली प्रतियोगिता में देश के ध्वज तले खेल पाएंगे। विश्व संस्था ने इसके साथ ही डब्ल्यूएफआई से अपने एथलीट आयोग के चुनाव फिर से कराने को भी कहा। बयान में कहा गया है कि इस आयोग में सक्रिय खिलाड़ी या फिर वे खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं जिनको संन्यास लिए हुए चार साल से अधिक का समय नहीं हुआ है। मतदाता केवल खिलाड़ी ही होंगे। इन चुनाव का आयोजन किसी भी सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान किया जा सकता है लेकिन चुनाव एक जुलाई 2024 से तक कराने होंगे।

## खास खबर



### बचे हुए टेस्ट मैचों में दिखेंगे स्पिनरों के सहायक विकेट : कुलदीप

**राजकोट ।** भारतीय टीम के स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा है कि इंग्लैंड के खिलाफ पहले दोनो ही मैचों में तेज गेंदबाजों को अधिक सहायत मिली पर बचे हुए मैचों में हमें स्पिनरों के सहायक टर्निंग विकेट मिल सकते हैं। कुलदीप ने गुरुवार से होने वाले तीसरे टेस्ट से पहले कहा कि सीरीज के बचे हुए तीन मैचों में टर्निंग विकेट हो सकते हैं। कुलदीप के अनुसार पहले दो टेस्ट मैचों के लिए तैयार किए गए विकेट अच्छे थे और उनमें जिस प्रकार से परिणाम निकले वह टेस्ट क्रिकेट के लिए अच्छा संकेत है, इस दौरान तेज गेंदबाजों को ही अधिक सहायता मिली। दोनो ही देशों के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज अभी 1-1 से बराबरी पर है। तीसरा टेस्ट मैच गुरुवार से राजकोट में खेला जाएगा। कुलदीप ने कहा, 'इस सीरीज में सभी बातें अहम रही हैं। तेज गेंदबाज ठीक से अपनी भूमिका निभा रहे हैं। इसलिए जीवंत विकेट होना क्रिकेट के लिए लाभदायक रहा पर कहा कि आने वाले मुकाबलों में टर्निंग विकेट भी आपको मिल सकते हैं, इससे स्पिनर हावी रहेंगे। इस सीरीज में इंग्लैंड ने आक्रामक रणनीति बनाते हुए पहला टेस्ट जीता जबकि भारतीय टीम ने दूसरा मैच जीतकर बराबरी हासिल की। इन दोनो ही मैचों में विकेट से स्पिनरों को सहायता नहीं मिली। कुलदीप से जब पूछा गया कि पहले दो टेस्ट मैच के लिए स्पिनरों के अनुकूल विकेट तैयार क्यों नहीं किए गए। इसपर उन्होंने कहा, 'मुझे पता नहीं। मैं पूरी तरह से स्पिनरों की सहायक विकेट पर नहीं खेला हूं। मैं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदानों पर खेली गई पिछली सीरीज में भी शामिल नहीं था। कुलदीप ने कहा कि इंग्लैंड का बल्लेबाजी में आक्रामक रवैया टेस्ट क्रिकेट को देखते हुए सामान्य बात नहीं है। उन्होंने कहा, 'टेस्ट क्रिकेट में आप बल्लेबाजी में इस तरह के आक्रामक रवैए के आदी नहीं होते हो। वहीं ऐसी स्थिति में स्पिनर को गेंदबाजी के दौरान अधिक ध्यान केंद्रित करना पड़ता है।

### भारतीय टीम को बचे हुए मैचों में कड़ी टक्कर देगी इंग्लैंड : इयान चैपल

**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल के अनुसार भारतीय क्रिकेट टीम को टेस्ट सीरीज के बचे हुए तीन मुकाबलों में इंग्लैंड से कड़ी टक्कर मिलेगी। चैपल ने हालांकि कहा कि घरेलू हालातों का लाभ भारतीय टीम को मिलेगा और वह हावी रहेगी। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज अभी 1-1 से बराबरी पर है। इयान चैपल ने कहा, 'घरेलू टीम होने के नाते भारत को अंत में इस कठिन सीरीज में जीत मिलनी चाहिये।' उन्होंने साथ ही कहा, 'स्टोक्स की कप्तानी में आक्रामक रुख वाली ये इंग्लैंड की टीम इससे पहले की जो रूट की कप्तानी वाली टीम से कहीं बेहतर है। रुट की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम को भारत के खिलाफ 2021 में सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था। ' चैपल ने कहा, 'भारत मजबूत टीम है और उनके पास रोहित शर्मा के रूप में एक अच्छा कप्तान है। रवींद्र जडेजा की वापसी से भी टीम बेहतर होगी पर अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के नहीं खेलने से उसे झटका लगेगा।' उन्होंने लिखा, 'उम्मीद है कि चयनकर्ता अब मध्यक्रम के बल्लेबा श्रेयस अय्यर की बल्लेबाजी क्षमता को जरुरत से अधिक महत्व देना बंद कर किसी और बल्लेबाज को अवसर देंगे।




### आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में मंधाना ने लगायी लंबी छलांग

**दुबई ।**

भारतीय महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना ने आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में लंबी छलांग लगायी है। मंधाना हाल में किये अच्छे प्रदर्शन के बल पर दो पायदान ऊपर आकर चौथे स्थान पर पहुंच गयी हैं। वहीं पहले तीन स्थानों पर इंग्लैंड की नैट साइवर ब्रंट, श्रीलंका की चमारी अथापत्थु और ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी कायम हैं। मंधाना को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज में बेहतर प्रदर्शन का लाभ मिला है। इस क्रिकेटर ने मुंबई में हुए मुकाबले बेहतर प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इससे उनकी रैंकिंग बेहतर हुई है। वहीं एशले गार्डनर तीन स्थान नीचे आकर 22वें नंबर पर जबकि फोएबे लीचफील्ड भी दो स्थान नीचे आई हैं। वहीं ताहलिया मैकग्राथ बल्लेबाजी रैंकिंग में चार स्थान के लाभ से 30वें नंबर पर आ गयी हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोल्वार्ड्ट की भी रैंकिग नीचे आयी है। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खराब प्रदर्शन के बाद पांचवें स्थान पर फिसल गयी है। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में 2.33 के औसत से केवल सात रन ही बना पायीं। इससे मंदाना को लाभ हुआ। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर एलिज-मैरी मार्क्स की रैंकिंग ऊपर आयी है। वह ऑलराउंडरों की रैंकिंग में 34 स्थान की बढ़त के साथ ही 75वें स्थान पर पहुंच गई हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया की किम गार्थ 36वें नंबर पर और अलाना किंग 19वें नंबर पर पहुंची हैं। गेंदबाजी में मैरिज़ेन कैप दूसरे नंबर पर पहुंच गयी हैं।

### वॉर्नर ने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट ट्रॉफी प्रशंसक को दी




**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टी20 मैचों की सीरीज में अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब मिला है। वार्नर ने इस सीरीज में दो अर्धशतक लगाये थे। उनके इस प्रदर्शन उनकी टीम सीरीज में 2-0 की जीत दर्ज करने में सफल रही। वार्नर ने इसके बाद अपना प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट अवॉर्ड एक क्रिकेट प्रशंसक को दे कर सभी का दिला जीता। वार्नर ने मैच के बाद कहा कि सभी का प्रदर्शन अच्छा रहा। इससे उन्हें आगामी टी20 विश्व कप के लिए तैयार होने के लिए समय मिल गया है। साथ ही कहा कि वेस्टइंडीज में सीमा रेखा बहुत बड़ी नहीं हैं। मैं बहुत अच्छा हूं और सच में, हमारे पास बहुत सारे युवा हैं, अब उनके लिए काम करने का समय आ गया है। तीसरे मुकाबले में मेहमान टीम वेस्टइंडीज ने पहले खेलते हुए 220 रन बनाये। इसके जवाब में मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम वार्नर के 81 रनों के बावजूद 183 रन ही बना पाई। इस प्रकार विंडीज को 37 रनों से इस मैच में जीत मिली। वहीं सीरीज के पहले 2 मुकाबले में उन्हें हार झेलनी पड़ी थी। वेस्टइंडीज की जीत में ऑलराऊंडर रोस्टन चेज के अलावा आंद्रे रसेल की अहम भूमिका रही। रसेल ने बल्लेबाजी करते हुए 7 छक्कों की मदद से 71 रन बनाए

### राजकोट में उतरते ही 100 टेस्ट खेलने वाले 16वें खिलाड़ी बन जाएंगे स्टोक्स



**राजकोट ।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स यहां भारत के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में उतरते ही एक अहम उपलब्धि हासिल करेंगे। ये उनका 100 टेस्ट मैच होगा ये उपलब्धि हासिल करने वाले वह इंग्लैंड के 16वें खिलाड़ी होंगे। स्टोक्स ने हालांकि कहा कि वह इन बातों को अधिक महत्व नहीं देते। उनका लक्ष्य हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। स्टोक्स ने कहा, हर टेस्ट उतना ही अहम है जितना अगला। फिर चाहे वह कोई भी हो। 99, 100 या 101 टेस्ट नंबर से कोई खास फर्क नहीं पड़ता। यह सिर्फ एक संख्या है। उन्होंने कहा, मैं नहीं चाहता कि ऐसा लगे कि मैं उन अवसरों के लिए आभारी नहीं हूं जो मुझे मिले हैं। गौरतलब है कि स्टोक्स ने 2013 में पदार्पण किया था और खेल के बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक बन गए हैं। उनकी आक्रामक कप्तानी में टीम ने अब तक खेले गये 20 में से 14 टेस्ट जीते हैं। टीम के कोच ब्रेंडन मैकुलम भी स्टोक्स के खेलने के अंदाज और कप्तानी कोशल को पसंद करते हैं।



# टीवी एक्ट्रेस दलजीत कौर फिर ले सकती हैं तलाक

41 साल की टीवी एक्ट्रेस दलजीत कौर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से पति निखिल पटेल का सरनेम हटा दिया है। इसी के साथ-साथ दलजीत ने पति के साथ की सारी फोटोज और विडीयोज भी डिलीट कर दिए हैं। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि दलजीत अपने पति से डिवोर्स ले सकती हैं।

## दलजीत कौर फिर ले सकती हैं तलाक

दरअसल दलजीत कौर ने पिछले साल 18 मार्च को बिजनेसमैन निखिल पटेल के साथ दूसरी शादी की थी। शादी के बाद वे पति संग केन्या में रहने लगी थीं। लेकिन पिछले महीने दलजीत अपने बेटे के साथ वापस भारत लौट आई हैं। दलजीत के करीबी सूत्रों से पता चला है कि शुरुआत में दोनों की शादी में सब कुछ अच्छा चल रहा था। लेकिन फिर जल्द ही दोनों के बीच चीजें बिगड़ने लगीं। यहां तक कि दलजीत और निखिल को एहसास हुआ कि वे एक-दूसरे के साथ कंपैटिबल नहीं हैं। वहीं पिछले दो महीनों में हालात और बिगड़ गए। अगर यही सिलसिला चलता रहा और दोनों के बीच अनबन नहीं थमी, तो फिर दलजीत और निखिल अलग होने का फैसला कर सकते हैं।

## दलजीत की टीम ने जारी किया ये स्टेटमेंट

हालांकि दलजीत की तरफ से अभी इस बारे में कोई कन्फर्मेशन नहीं आई है। लेकिन दलजीत कौर की टीम ने बताया कि एक्ट्रेस इस समय अपने बेटे के साथ वापस इसलिए आई हैं क्योंकि उनके पिता की सर्जरी होनी थी। साथ ही टीम ने उनके बेटे की प्राइवसी बनाए रखने की रीक्वेस्ट की।



# बरेली की बर्फी के बाद 15 महीने तक कोई फिल्म नहीं की

**बीते दस साल में हर तरह की भूमिकाएं करने वाली कृति सेनन ने इंडस्ट्री में अपना मुकाम पुख्ता किया है। मिमी जैसी अर्थपूर्ण फिल्म के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार पाने वाली यह एक्ट्रेस हीरोपंती, बरेली की बर्फी जैसे कमर्शियल सिनेमा के साथ-साथ अर्थपूर्ण फिल्में भी करती रही हैं। इन दिनों कृति सेनन चर्चा में हैं अपनी नई फिल्म तेरी बातों से ऐसा उलझा जिया से। इस फिल्म में कृति एक रोबोट बनी हैं। उनसे एक खास बातचीत।**

### आप राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी हैं, आपके लिए रोल लिखे जा रहे हैं, मगर आपके करियर का सबसे मुश्किल दौर कौन-सा था?

इसका जवाब बहुत मुश्किल है। असल में मेरे करियर में काफी ऊंचाइयां नहीं आई हैं। जब काफी है पीक आता है, तो काफी लो भी आता है। हां, असुरक्षित पल जरूर रहे हैं, निराशाजनक दौर भी रहा है। ऐसा वक्त भी रहा, जब मुझे लगा कि मैं बहुत कुछ कर सकती हूं, मगर मेरे पास वो मौके नहीं थे। फिर मैंने यह भी देखा कि वो मौके सामने वाले को इतनी आसानी से मिल रहे हैं और उसके लिए उसने कुछ किया भी नहीं है। वो हताशा के पल बहुत आए, जब आप अपनी सामर्थ्य जानते हैं, मगर आपके हाथ में कुछ नहीं होता। मैं उस दौर से गुजर चुकी हूं और सबसे मुश्किल वही वक्त होता है। ईमानदारी से कहूं, तो जब मैंने बरेली की बर्फी की थी, उसके 15 महीने बाद तक कोई फिल्म नहीं की थी। ये बहुत ही शॉकिंग था। पंद्रह महीने हो चुके थे और फिल्म भी रिलीज हो गई थी। मैं सोच रही थी मेरे साथ ऐसा क्यों हुआ? मेरे पास ऐसा कुछ नहीं आ रहा था, जो दमदार हो। मैंने सब कुछ किया।

### आपको अपनी अभिनय क्षमता का अंदाजा पहली बार कब हुआ?

मुझे इतना अंदाजा नहीं था। मुझे याद है शुरू में मैं मॉडलिंग किया करती थी, विज्ञापन फिल्मों के लिए, तब सभी निर्देशक मुझसे कहते थे कि मुझमें एक्टिंग की क्षमता है। मैंने जाने-माने निर्देशक शूजीत सरकार के साथ एक विज्ञापन फिल्म की थी, तो उन्होंने कहा कि तुममें एक्टिंग का कीड़ा है, तुम खुद को और पॉलिश करो। हो सके तो वर्कशॉप करो या फिर फिल्में करो, तब मैंने सोचा भी नहीं था फिल्मों में एक्टिंग करने को लेकर। मगर कहीं न कहीं एक्टिंग मेरे अंदर थी, बस मुझे पता नही था। मुझे जब अपनी पहली फिल्म मिली, तो मैंने ठान लिया कि इसे पूरे मन से करना है।

### स्टार होने के नाते दिन-रात कैमरों, पपाराजी और लोगों द्वारा पीछा किया जाना कैसा लगता है?

मैं समझती हूं, ये मेरे प्रोफेशन का हिस्सा है। मगर ये सच है कि उसके बाद मैं जहां जाती हूं, जो मेरा घर है, वहां मैं खुद को बाहरी दुनिया से दूर कर लेती हूं, जैसे फिल्म का मेरा किरदार सिफा स्विच ऑफ हो जाता है, वैसे ही मैं भी हो जाती हूं। मैं घर में अपने आप को ऐसे अपनों के बीच रखना पसंद करती हूं, जो मुझे बताए कि मैं भी आम हूं। कई बार जब मैं घर से बाहर निकलती हूं, कुछ भी पहनकर तब मेरी मम्मी मुझे सचेत करती हैं कि मैं क्या पहनकर निकली हूं। घर में मैं बहुत आम लड़की की तरह रहती हूं।

### शाहिद के साथ आपका काम करने का अनुभव कैसा रहा?

हमने जब फिल्म की शूटिंग शुरू की, तब हमें भी कुछ इसी तरह से महसूस हुआ था। स्क्रीन पर देख कर हमें लगा कि हम साथ में अच्छे लग रहे हैं। डबिंग के दौरान शाहिद बोले भी, तुम मेरे साथ सबसे अच्छी लगती हो। असल में मैं और शाहिद बहुत लंबे समय से साथ काम करना चाह रहे थे। एक बार तो हम ऑलमोस्ट साथ काम करने वाले ही थे, मगर फिर बात नहीं बनी। मैं समझती हूं, सही समय पर ही सही चीजें हो पाती हैं। ये एक प्रेम कहानी है, तो इसमें केमिस्ट्री बहुत जरूरी है। वह कमाल के एक्टर हैं, तो मुझे उनके साथ काम करके बहुत मजा आया।

# भूमि पेडनेकर ने भक्षक में काम करने के बारे में बात की

भूमि पेडनेकर इन दिनों अपनी आगामी क्राइम थ्रिलर फिल्म भक्षक को लेकर सुर्खियों में हैं। इसमें अभिनेत्री ने एक पत्रकार की भूमिका निभाई है। सची घटना पर आधारित इस फिल्म को दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। अब हाल ही में, भूमि ने भक्षक में काम करने के बारे में खुलकर बात की। साथ ही, अभिनेत्री ने वीडियो साझा कर फिल्म को अपना प्यार देने के लिए दर्शकों का दिल से आभार व्यक्त किया। भूमि ने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से एक वीडियो मैसेज साझा किया और दर्शकों को भक्षक को प्यार और प्रशंसा देने के लिए धन्यवाद दिया। वीडियो की शुरुआत में भूमि फिल्म का एक डायलॉग बोलती हैं और यह बैकग्राउंड में चलता है। वे कहती हैं, दूसरो के दर्द में दुखी होना भूल गए हैं क्या? क्या अब भी आप अपनी गिनती इंसानों में करते हैं या आपने आपको भक्षक मान लिया है? भूमि ने लिखा, जब मैंने भक्षक की शूटिंग शुरू की थी, तब निर्देशक पुलकित ने मुझसे कहा था, देखना भूमि ये कहानी लोगों को कभी छोड़ नहीं पाएगी। इस फिल्म की शूटिंग ऐसे कई पलों से भरी थी, जो मुझे आज भी अभिभूत कर देती हैं। हमारी कहानी इन बचों के लिए हकीकत थी। वे इतने छोटे थे कि शायद उन्हें पता भी नहीं था कि उनके साथ क्या हो रहा है।



# ऐश्वर्या रजनीकांत ने 12 साल बाद व्हाई दिस कोलावेरी डी... गाने पर तोड़ी चुप्पी

**व्हाई दिस कोलावेरी डी... ये गाना ऐसा है, जो सुनते ही मन अपने आप चिल मोड में चला जाता है। ये सॉन्ग भले ही 12 साल पहले आया था, तब जब इंटरनेट सेंसेशन या ऑनलाइन लीक का जमाना नहीं था, जब सोशल मीडिया उतना चलन में नहीं था, लेकिन रातोंरात वायरल हो गया था। हर तरफ इसकी चर्चा होने लगी थी।**

इसे साउथ एक्टर धनुष ने गाया था और इसी से उन्हें भी पॉप्युलैरिटी मिली थी। लिरिक्स भले ना समझ आए (हिंदी भाषी लोगों को) लेकिन म्यूजिक इतना शानदार था कि सभी झूम उठे थे। अब इतने साल बाद रजनीकांत की बेटी ऐश्वर्या रजनीकांत ने इस बारे में बात की है, जिनकी फिल्म 3 का ये गाना था। ऐश्वर्या रजनीकांत ने साल 2012 में डायरेक्शन की दुनिया में कदम रखा था और 3 उनकी बतौर डायरेक्टर पहली फिल्म थी। इस मूवी के गाने व्हाई दिस कोलावेरी डी... को उनके कजिन अनिरुद्ध रविचंदर ने कंपोज किया था, गाया धनुष (अब एक्स हसबैंड) ने था। वो इस मूवी में लीड रोल में भी थे।

## बिना प्लानिंग के रिलीज किया गया था गाना

शुरुआत में फिल्म के एल्बम के हिस्से के रूप में प्लान किया गया था। हालांकि, एक स्टूडियो से गाने का रफ वर्जन लीक होने के बाद मेकर्स ने इसे पहले ही यूट्यूब पर रिलीज करने का फैसला किया। बिना किसी प्लानिंग के रिलीज ये गाना तेजी से वायरल हो गया और ग्लोबल लेवल पर फेमस हो गया। ऐश्वर्या की फिल्म को निगल गया गाना! ऐश्वर्या रजनीकांत ने ऋद्धस्त्रट्टश्ध्द को दिए इंटरव्यू में इस बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि उनकी फिल्म 3 पर इस गाने की पॉप्युलैरिटी का क्या असर पड़ा था। उनका कहना है कि ये गाना उनकी फिल्म को निगल गया। फिल्म के लिए बन गया था बड़ा दबाव ये बताते हुए कि वो अभी भी पूरी तरह से समझ नहीं पा रही हैं कि ये गाना इतना फेमस क्यों हो गया, ऐश्वर्या ने कहा, ये ऐसी चीजें हैं, जिनकी हम पहले से प्लानिंग नहीं कर सकते हैं। कुछ ऐसी चीजें हैं, अगर होंगी तो होंगी। हम इसके लिए तैयार नहीं थे। ये हमारे लिए भी बहुत बड़ा सदमा था। कोलावेरी हमारी लाइफ में बस घट गया। ये फिल्म का एक बड़ा दबाव भी बन गया।





# इंडस्ट्री में मेरा कोई गॉडफादर नहीं...

**निर्देशक आदित्य धर इन दिनों सुर्खियां बटोर रहे हैं। आदित्य इन दिनों अपने प्रोडक्शन हाउस के तहत बनी फिल्म 'आर्टिकल 370' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस फिल्म में उनकी पत्नी यामी गौतम अहम भूमिका निभा रही हैं। वहीं, इस फिल्म का निर्देशन आदित्य ने नहीं बल्कि सुहास जांभले ने किया है। पिछले दिनों आदित्य अपनी फिल्म के प्रमोशन के दौरान नेपोटिज्म पर खुलकर बात करते दिखाई दिए।**

## इंडस्ट्री के लिए मैं आउटसाइडर था

आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 'उरी- द सर्जिकल स्ट्राइक' ने बॉक्स ऑफिस पर काफी धमाल मचाया था। दर्शकों को आदित्य का निर्देशन बहुत पसंद आया था, फिर भी उन्होंने अपनी आगामी फिल्म आर्टिकल 370 के निर्देशन का जिम्मा सुहास जांभले को सौंप दिया। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो एक इंटरव्यू के दौरान जब उनसे पूछा गया कि आप अपनी फिल्म का निर्देशन स्वयं क्यों नहीं कर रहे हैं, तब आदित्य ने कहा, मैं उन सभी टैलेंटेड लोगों के साथ काम करना चाहता हूं जो कहीं बाहर से आएं हैं और बॉलीवुड में अपना नाम कमाना चाहते हैं। मैं खुद इंडस्ट्री के लिए आउटसाइडर था तो मैं आउटसाइडर्स के दर्द को समझ सकता हूं। आदित्य धर बॉलीवुड में अपने बेबाक अंदाज के लिए मशहूर हैं। पिछले दिनों वे अपनी आने वाली फिल्म आर्टिकल 370 के प्रमोशन के दौरान नेपोटिज्म पर खुल कर अपने विचार रखते नजर आएं। उन्होंने कहा, बॉलीवुड में सिर्फ टैलेंट नहीं चलता है। मैंने लगभग सत्रह साल संघर्ष किया तब जाकर मुझे उरी जैसी फिल्म को निर्देशित करने का मौका मिला। मेरा बॉलीवुड में कोई गॉड फादर नहीं है।

## जो मेरे साथ हुआ वह सुहास के साथ नहीं हो

निर्देशक आदित्य धर टैलेंटेड लोगों के साथ काम करने में विश्वास रखते हैं। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में कहा था कि, मैं साल 2019 में सुहास जांभले में मिला था। उनसे मिलने के बाद मुझे एहसास हुआ कि फिल्म आर्टिकल 370 को वे मुझसे बेहतर तरीके से निर्देशित कर सकते हैं। वे बेहद टैलेंटेड हैं। मैं नहीं चाहता था कि जो मेरे साथ हुआ है वही सुहास के साथ हो। एक टैलेंटेड इंसान को काम देना चाहिए, चाहे वो आउटसाइडर ही क्यों न हो!



# चियान विक्रम की नई फिल्म में हुई इस साउथ अभिनेता की एंट्री

अभिनेता चियान विक्रम की फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार रहता है। बीते साल अक्तूबर में विक्रम ने प्रशंसकों को तोहफा देते हुए अपनी नई फिल्म की घोषणा की, जिसका अस्थाई नाम चियान 62 है। वहीं अब इस फिल्म की टीम में एक और सदस्य का आगमन हुआ है। निर्देशक एसयू अरुण कुमार ने अपनी आखिरी फिल्म चिट्ठा की सफलता के बाद चियान विक्रम के साथ फिल्म चियान 62 साइन की है। वहीं अब अभिनेता एसजे सूर्या ने भी फिल्म की टीम में शामिल हुए हैं।

## कलाकारों में शामिल हुए एसजे सूर्या

निर्देशक से अभिनेता बने एसजे सूर्या फिल्म के कलाकारों में शामिल हो गए हैं। एसजे सूर्या एक अभिनेता के रूप में लगातार अपनी फिल्मों में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। फिल्म में जीवी प्रकाश संगीत तैयार कर रहे हैं। चियान 62 रिया शिबू के एचआर पिक्चर्स द्वारा निर्मित है, जिन्होंने पहले मुंबईकर और ठग्स फिल्में बनाई हैं। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर एक बार फिर घोषणा की है कि एसजे सूर्या फिल्म के कलाकारों में शामिल होंगे। एसजे सूर्या ने निर्माताओं की घोषणा पर तुरंत प्रतिक्रिया दी। अभिनेता ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि वे बहुत खुश हैं और कहानी सुनकर ऐसा लगा, जैसे भगवान उन्हें एक और बड़ी सफलता का आशीर्वाद दे रहे हैं।

# अलग-अलग किरदारों के साथ खुद को भी बदलना पसंद करते हैं शाहिद

शाहिद कपूर और कृति सेनन की तेरी बातों में उलझा जिया आखिरकार आज रिलीज हो गई है। अभिनेता ने लंबे समय के बाद अपने रोमांटिक अंदाज में नजर आए हैं। शाहिद की रोमेंटिक ड्रामा फिल्म दर्शकों को पसंद आ रही हैं। इस फिल्म को सोशल मीडिया पर समीक्षकों और दर्शकों की मिली जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। शाहिद ने हाल ही में एक बातचीत के दौरान अपने लुक को लेकर बात की। इसके साथ, उन्होंने बताया कि उन्हें अपने लुक में बदलाव करना पसंद है।


नए लुक में दिखना पसंद करते हैं शाहिद

शाहिद ने कहा, मैं एक अभिनेता हूं। मैं यहां वह करने आया हूं, जिस भूमिका के लिए मेरे फैंस मुझसे अपेक्षा करते हैं। कुछ अभिनेता ऐसे होते हैं, जो खुद से कुछ ज्यादा ही प्यार करते हैं। फिर चाहे वे कोई भी किरदार निभाएं, वे एक जैसे दिखना पसंद करते हैं। मैं उन लोगों में से नहीं हूं। मुझे खुद को बदलना पसंद है।

तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया के बारे में फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया एक लव स्टोरी पर आधारित है। कृति ने एक रोबोट सिफरा का किरदार निभाया है। इस फिल्म में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की दुनिया में एक खूबसूरत और असंभव सी प्रेम कहानी को दिखाया गया है।


## देवा में नजर आएंगे शाहिद

शाहिद की आगामी प्रोजेक्ट की बात करें, तो वे फिल्म देवा में नजर आएंगे। अभिनेता ने पिछले साल दशहरा के अवसर पर अपनी नई फिल्म की घोषणा की थी, जिसके साथ उन्होंने फर्स्ट लुक भी शेयर किया था। इस फिल्म में शाहिद एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाते नजर आएंगे।



# नोएडा को पीएम देंगे 19 हजार करोड़ रुपये की आईटी प्रोजेक्ट की सौगात

**नोएडा ( चेतना मंच )** उत्तर प्रदेश का नोएडा (गौतमबुद्धनगर) शहर आईटी और इलेक्ट्रोनिक्स के क्षेत्र में विश्व भर में अपनी खास पहचान स्थापित करने के लिए तैयार है। देश के पीएम नरेन्द्र मोदी नोएडा (गौतमबुद्धनगर) को 19 हजार करोड़ की आईटी और इलेक्ट्रोनिक सेक्टर में दो प्रोजेक्ट की सौगात देंगे। जिसमें 80 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा।



दरअसल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लखनऊ में 19 फरवरी को होने वाले भूमि पूजन समारोह में 60 आईटी प्रोजेक्ट का शुभारंभ करेंगे। पिछले साल फरवरी में हुए वैश्विक निवेशक सम्मेलन में आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में 5.29 लाख करोड़ के 321 निवेश प्रस्ताव आए थे। इन्हीं प्रस्तावों के तहत पीएम मोदी आईटी व इलेक्ट्रोनिक्स के 60 मेगा प्रोजेक्ट का शुभारंभ करेंगे। इनमें 91.456 करोड़ रूपये का निवेश प्रस्तावित है।

पीएम मोदी जिन 60 मेगा प्रोजेक्ट का शुभारंभ करेंगे उनमें नोएडा डाटा सेंटर पार्क भी शामिल है। जिसे एनआईडीपी डेवलपर्स 20 एकड़ जमीन पर बना रहा है। 30 हजार करोड़ की लागत से तैयार हुई ये परियोजना 2100 से ज्यादा रोजगार का सृजन करेगी। टीएआरक्यू सेमीकंडक्टर्स अपनी परियोजना यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र (यीडा) में ला रही है। यह परियोजना 28,440 करोड़ के निवेश के साथ इंटीग्रेटेड कंपाउंड सेमीकंडक्टर्स का निर्माण और असेंबल करेगी। इस परियोजना से एक हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। सिफी इन्फिनिट स्पेस लिमिटेड 19,000 करोड़ की दो परियोजनाएं लगा रहा है। इनमें से एक न्यू ऐज हॉरीजेन्टल डाटा सेंटर में 11 हजार करोड़ का निवेश होगा, दूसरी परियोजना में 8,000 करोड़ का निवेश होगा। दोनों परियोजनाएं गौतमबुद्ध नगर में आ रही हैं।

पीएम द्वारा इन प्रोजेक्ट के शुभारंभ से नोएडा (गौतमबुद्धनगर) शहर 80 हजार से ज्यादा लोगों को आईटी व इलेक्ट्रोनिक्स के क्षेत्र में रोजगार देगा। इन प्रोजेक्ट के शुरू होने के बाद नोएडा शहर दुनिया के पटल पर अपनी खास पहचान स्थापित कर देगा।

# विपक्षी प्रत्याशियों की जब्त होगी जमानत : सिसोदिया





## सेक्टर-58 में भाजपा के चुनावी कार्यालय का हुआ शुभारंभ

नोएडा। लोकसभा चुनाव के चलते सेक्टर-58 में भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी कार्यालय का शुभारंभ कर दिया। कार्यालय का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं लोकसभा सांसद डॉ महेश शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र शिशोदिया, जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता, गौतमबुद्धनगर के जिलाध्यक्ष गजेंद्र मावी, विकास चौहान जिलाध्यक्ष बुलन्दशहर ने किया। सभी ने कार्यालय में पूजा अर्चना की और उसके बाद क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कार्यालय का फ़ीता काट कर आधिकारिक उद्घाटन किया।

इस मौक़े पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा इस बार 400 से ज़्यादा सीट प्राप्त करेगी और गौतमबुद्ध नगर में रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेगी। आज मोदी सरकार ने जिस तरह देश को विश्व पटल पर ला दिया है वो हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। आज हम सभी को एक साथ पूरे जोश से भाजपा को पूर्ण बहुमत से जिताना है और जो भी विपक्ष में आएगा उसकी जमानत ज़ब्त करनी है।

इस मौक़े पर क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा सुखविंदर सोम, नोएडा विधानसभा चुनाव संयोजक गणेश जाटव, लोक सभा विस्तारक सुखपाल, महामंत्री उमेश त्यागी, गिरजा सिंह, उमेश यादव, पूर्व अध्यक्ष राकेश शर्मा, मनीष शर्मा, युद्धवीर चौहान, विनोद शर्मा, तन्मय शंकर, गिरीश कोतनाला, मुकेश शर्मा, संजय बाली, प्रमोद बहल, गोपाल गौड़, चमन अवाना, अमरीश त्यागी, सुचित्रा कक्कड़, हर्ष चतुर्वेदी, धर्मेंद्र गुप्ता, रवि मिश्रा, प्रदीप चौहान, पूनम चौहान, शारदा चतुर्वेदी, ओमवीर अवाना, रवि यादव, विवेक मिश्रा, शिवांश श्रीवास्तव, मल्लिकेशर झा, प्रज्ञा पाठक, ओम यादव, अशोक मिश्रा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरस आजीविका मेला : 28 राज्यों के 400 शिल्पकार होंगे शामिल

**नोएडा ( चेतना मंच )**। सेक्टर 33 ए स्थित शिल्पहाट में 16 फरवरी से सरस आजीविका मेला का शुभारंभ होगा जो 4 मार्च तक चलेगा। इस मेले का आयोजन ग्रामीण मंत्रालय व राष्ट्रीय ग्रामीण विकास तथा पंचायती राज संस्थान द्वारा किया जा रहा है।




इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन तथा नोएडा प्राधिकरण का समुचित सहयोग मिल रहा है। आज शिल्पहाट में मेल की जानकारी देने के लिए एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. लोकेश एम, जिलाधिकारी मनीष वर्मा, ग्रामीण विकास मंत्रालय के अपर सचिव चरणजीत सिंह, अपर सचिव श्रीमती स्वाति शर्मा ने पत्रकारों को सरस मेले के संबंध में विस्तृत जानकारी दी खबर लिखी जाने तक पत्रकार वार्ता चल रही थी।

नोएडा में चौथी बार पर्यटन, परंपरा, कला एवं संस्कृति का मनोरम माहौल थीम के साथ, 16 फरवरी से लेकर 04 मार्च 2024 तक प्रसिद्ध सरस आजीविका मेला-2024 का आयोजन, सेक्टर-33 के नोएडा हाट में किया जा रहा है। मेले में 28 राज्यों के 400 से अधिक महिला शिल्प कलाकार, 85 से ज्यादा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने कहा हमारे देश की महिलाओं में बहुत सारे हुनर हैं। जो आपको सरस मेले के माध्यम से नोएडा हॉट में देखने को मिलेंगे। महिला सशक्तिकरण के साथ ही उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का सरकार का उद्देश्य है। इस अवसर पर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने कहा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सभी को सहयोग करना चाहिए। नोएडावासियों का सौभाग्य है कि केंद्र सरकार के सरस मेले का आयोजन नोएडा हॉट में हो रहा है। जिसमें उन्हें 28 राज्यों के महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पाद देखने को मिलेंगे।

इस मौके पर ग्रामीण विकास मंत्रालय की संयुक्त सचिव स्वाति शर्मा, नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम, जिलाधिकारी मनीष वर्मा, स्वयंसहायता समूह की संचालिका अफसाना आदि मौजूद थे।

# भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कल

## राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव के तहत होगा कार्यक्रम

**नोएडा ( चेतना मंच )** जिला युवा अधिकारी गौतमबुद्धनगर स्निग्धा सिंह ने बताया कि नेहरू युवा केंद्र गौतम बुद्ध नगर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव 2024 के तहत जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन नेहरू युवा केंद्र गौतमबुद्धनगर कार्यालय में 16 फरवरी 2024 को प्रात: 9:00 बजे आयोजित किया जाएगा। आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए आवेदक जिला गौतमबुद्धनगर का निवासी होना चाहिए एवं आयु 1 फरवरी 2024 को 18 से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा आवेदक के पास आधार कार्ड, डोमिसाइल प्रमाण पत्र अथवा ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए इच्छुक युवा 15 फरवरी 2024 को सायं 5:00 बजे तक mybharat@gov.in पर रजिस्टर्ड करते हुए भरा हुआ फॉर्म अपने साथ अनिवार्य रूप से लाएं।

उन्होंने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि भाषण प्रतियोगिता तीन विषयों पर की जाएगी, जिसमें भारत का वैश्विक नेता बनना- भारत की आर्थिक शक्ति को बढ़ाने में युवा उद्यमियों की भूमिका, आत्मनिर्भर भारत से विकसित भारत तक युवाओं द्वारा संचालित भारत के विकास का पथ, भविष्य को सशक्त बनाना- युवा नेतृत्व वाली पहल जिम्मेदार समुदाय के लिए मार्ग प्रशस्त कर रही है, जिसमें हिंदी अथवा अंग्रेजी भाषण की अवधि 4 मिनट अधिकतम है।

उन्होंने पुरस्कार के संबंध में बताया कि जनपद स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले युवाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। जनपद स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली युवा संसद प्रतियोगिता के लिए चयनित किया जाएगा। राज्य स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर पर नई दिल्ली संसद भवन में भेजा जाएगा। राष्ट्रीय स्तर के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के विजेताओं को क्रमश: 2 लाख, 1 लाख 50 हजार, 1 लाख, जबकि दो अन्य युवाओं को 50 हजार रुपए की पुरस्कार राशि तथा प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता के संबंध में अधिक जानकारी के लिए nykgb-nagar@gmail.com पर संपर्क कर सकते हैं।

# नोएडा के युवक का तीन टुकड़ों में मेरठ में मिला शव

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )** ग्रेटर नोएडा के दनकौर थाना क्षेत्र से 5 दिन पहले लापता युवक का शव तीन टुकड़ों में मेरठ से मिला है। युवक का इलाके की एक शादीशुदा महिला से प्रेम प्रसंग था।



आपको बता दें कि ग्रेटर नोएडा के दनकौर थाना क्षेत्र के मंडपा गांव निवासी सोहेल (21 वर्ष) पुत्र दीन मोहम्मद लापता हो गया था। परिजनों ने काफी तलाशने के बाद दनकौर थाने में सोहेल की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सोहेल को तलाश कर रही पुलिस को मेरठ पुलिस से सूचना मिली कि एक युवक का शव बोरे में मिला है। शव को तीन टुकड़ों में काटा गया था और उसकी गर्दन धड़ से अलग थी। मेरठ की लिसाड़ी गेट थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और परिजनों को सोहेल की हत्या की जानकारी दे दी है।

## शादीशुदा महिला से था प्रेम संबंध

पुलिस की जांच में सामने आया है कि मंडपा गांव निवासी सोहेल का गांव की ही एक शादीशुदा महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। सोहेल महिला को लेकर भाग भी चुका है। इस मामले में पुलिस ने महिला को बरामद कर लिया था और दोनों पक्षों का समझौता हो गया था। शादीशुदा महिला का पहले पति से तलाक हो गया था। उसके बाद उसकी दूसरी शादी मेरठ के आमिर गॉर्डन क्षेत्र में हो गयी थी। इसी इलाके में सोहेल की सर कटी लाश मिली है। पुलिस ने महिला के पति को हिरासत में ले लिया है।

# 'ई-नीलामी के जरिए न हो आवासीय भूखंडों का आवंटन'

**नोएडा ( चेतना मंच )**। फोनरवा (फेडरेशन ऑफ नोएडा आरडब्ल्यूए) ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से नोएडा प्राधिकरण द्वारा अभी हाल ही में नोएडा के विभिन्न सेक्टरों में लाई गई हाउसिंग प्लॉटों की स्कीम को तत्काल रद्द करने की मांग की है।



फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने बताया कि नीलामी के द्वारा आवंटन के कारण इन प्लॉट्स की कीमत अधिक हो जाती है और इसका लाभ बिल्डर्स,धनी लोग,तथा प्रॉपर्टीस से संबंधित व्यवसाय करने वालों को ही मिलता है। कीमत अधिक होने के कारण मध्यम वर्ग के लोग इसको खरीदने का सपना भी नही देखते हैं।

मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि इस तरह की स्कीम में सबसे बड़ी समस्या यह भी है कि जो आवेदनकर्ता प्लॉट की पूरी रकम एक साथ देगा उसको प्लॉट आवंटन में प्राथमिकता दी जाती हे।

महासचिव के के जैन ने बताया कि पिछले कई सालों से नोएडा प्राधिकरण द्वारा श्रमिक 1BHK और 2BHK प्लाटों का निर्माण नहीं किया जा रहा है। पुराने फ्लेट्स कि कीमत बहुत अधिक है। ग्रुप हाउसिंग के नए प्रोजेक्ट भी आए हैं इनमें सभी प्रोजेक्ट में तीन,चार और पांच बीएचके फ्लेट हैं। नोएडा इंडस्ट्रियल टाउन है यहां पर दूसरे छोटे तथा अन्य शहरों से श्रमिक तथा कम और मध्यम वर्ग के लोग रोजगार के लिए यहां आते हैं। फ्लेटों की कीमत अधिक होने के कारण इन लोगों का अपना आशियाना बनाने की उम्मीद कमजोर हो रही है।

# किसी ने गरीबों को उजाड़ा तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी : योगी आदित्यनाथ

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उनकी सरकार के रहते कोई भी गरीबों को उजाड़ नहीं पाएगा। किसी ने ऐसा दुस्साहस किया तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई तय है। गरीबों की जमीन तो बचाई ही जाएगी, साथ ही जिन जिन भी जरूरतमंदों को अभी पक्का मकान नहीं मिल पाया है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के दायरे में लाकर पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।



सीएम योगी ने ये बातें गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए कहीं। इन बातों पर अमल करने को लेकर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित भी किया। मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे। सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया हर समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी व संतुष्टिपरक निस्तारण किया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 500 लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। सीएम योगी ने कहा कि राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई हो। साथ ही जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को कड़ा कानूनी सबक सिखाया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दबंग, माफिया, अपराधी किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए।

सीएम ने कहा कि अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को सीएम ने भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में किसी इलाज नहीं रुकने पाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराएं।

# सेक्टर-34 में धूमधाम से मनाई गई बसंत पंचमी



**नोएडा ( चेतना मंच )**। सेक्टर-34 के बी-10 उदयगिरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना का आयोजन किया गया।

सेक्टर-34 आरडब्ल्यूए महासचिव धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि आज के दिन ऋतुराज बसंत का आगमन माना जाता है और बसंत ऋतु को सभी ऋतुओं का राजा कहा जाता है। आज के दिन मां सरस्वती की विशेष पूजा करनी चाहिए।

इससे हमारी बुद्धि निर्मल रहती है और सकारात्मक सोच का विकास होता है। इस दौरान यज्ञ का आयोजन कर विश्व शांति की कामना की।

इस मौके पर सेक्टर-34 आरडब्ल्यूए के महासचिव धर्मेन्द्र शर्मा, भीमसेन राऊत, संजय आचार्य, विश्वजीत प्रधान,राज पाड़ी, अंजन दास, नरेन्द्र रावत, शर्मिला शर्मा, ज्योत्सनाम्यी आचार्य आदि उपस्थित रहे।

